प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ महाभियोग? क्यों विपक्ष के लिए ये हारी हुई लड़ाई लड़ने जैसा है! पेज- 2

अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 83 शनिवार 14 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# यूएनएससी में ईरान के खिलाफ भारत के रुख पर विपक्ष का हमला

## चिदंबरम बोले- भारत की विदेश नीति एकतरफा

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद पी. चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में ईरान के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को समर्थन करने के लिए सरकार की आलोचना की है। चिदंबरम ने भारत की मौजूदा विदेश नीति को एकतरफा करार दिया है। चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत की विदेश नीति अब निष्पक्ष नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि नयी दिल्ली अब पूरी तरह अमेरिका और इस्राइल के पक्ष में खड़ी दिख रही है। चिदंबरम के अनुसार, भारत ने ईरान के हमलों की निंदा करने वाले प्रस्ताव को पेश करने में मदद की, लेकिन अमेरिका और इस्राइल के उन हमलों पर एक शब्द नहीं कहा जिनमें 1300 ईरानी लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि इन



हमलों में 168 बच्चों की भी जान गई है। चिदंबरम ने सवाल उठाया कि क्या यही सही कूटनीति और निष्पक्ष विदेश नीति है? उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने इस प्रस्ताव के पक्ष में वोट नहीं दिया, जबकि भारत ने अमेरिका और 12 अन्य देशों का साथ दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 2817 (2026) पास किया है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 13 वोट पड़े, जबकि चीन और रूस ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। इस प्रस्ताव में ईरान के उन हमलों की कड़ी निंदा की गई है जो उसने अपने पड़ोसी देशों पर किए। अमेरिका ने कहा कि ईरान हर दिशा में हमले कर रहा है। भारत सहित करीब 140 देशों ने इस टेक्स्ट को समर्थन किया। प्रस्ताव में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन पर हुए हमलों को गलत बताया गया। इसमें ईरान से मांग की गई कि वह रिहायशी इलाकों पर हमले तुरंत रोके। साथ ही, समुद्री व्यापार में दखल देना और उकसावे वाली कार्रवाई बंद करे। बहरीन ने इस अंतरराष्ट्रीय फैसले का स्वागत किया है।इन सबके बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने गुरुवार ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने खाड़ी क्षेत्र में बिगड़ते सुरक्षा हालातों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बढ़ता तनाव और आम लोगों की मौत बहुत दुखद है। पीएम मोदी ने रिहायशी इलाकों और बुनियादी ढांचे को पहुंच रहे नुकसान पर भी दुख जताया। प्रधानमंत्री ने बातचीत में साफ किया कि भारत के लिए अपने नागरिकों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार और ऊर्जा की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए। पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की। पश्चिम एशिया में यह ताजा संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। तब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया था, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर हमले किए। पिछले 14 दिनों से यह तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

# ईरान विवाद में घिरी मोदी सरकारः कांग्रेस ने पूछा- खामेनेई की हत्या पर पीएम चुप क्यों?

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातचीत के एक दिन बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर अब तक मौन हैं क्योंकि वह अपने अमेरिकी एवं इस्राइली दोस्तों को नाराज नहीं करना चाहते। प्रधानमंत्री मोदी ने वीरवार को ईरानी राष्ट्रपति से फोन पर बात की थी और युद्ध रुकने के लिए बातचीत की जरूरत पर जोर दिया था तथा नागरिकों के मारे जाने पर चिंता जताई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, ईरान के संवैधानिक प्रमुख अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इस्राइल द्वारा हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री मौन हैं। विदेश मंत्री मौन हैं। संसद में अब तक शोक प्रस्ताव तक नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की सही तरह से निंदा की है लेकिन ईरान पर हुए अमेरिका–इस्राइल के हमले पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। कांग्रेस ने कहा कि यह भी याद रखा जाना चाहिए कि ईरान ब्रिक्स़ मंच का हिस्सा है, जिसकी अध्यक्षता इस वर्ष भारत के पास है। रमेश ने कहा कि मई 2024 में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक रहस्यमय



हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। तब मोदी सरकार ने 21 मई 2024 को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की थी और संसद में एक जुलाई 2024 को, जब सत्र शुरू हुआ, शोक प्रस्ताव भी रखा गया था। अब यह हिचकिचाहट क्यों? इसमें कोई संदेह नहीं कि एक कम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री अपने अमेरिकी और इस्राइली दोस्तों को नाराज करने से बचना चाहते हैं।

# संसद सत्रः लोकसभा में विपक्षी दलों के हंगामे पर भड़के रिजिजः कहा- जनता इन्हें माफ नहीं करेगी

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्यों ने ऐसा नकारात्मक कारनामा किया है, इसके लिए जनता माफ नहीं करेगी। इस दौरान किरेन रिजिजू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया। लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों ने एलपीजी की किल्लत को लेकर हंगामा किया और इस विषय पर चर्चा की मांग की। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब देते हुए कहा, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में तय हुआ कि वित्त मंत्री अपना जवाब देंगी और इसके अलावा, निजी विधेयक को लेकर चर्चा होगी। लेकिन कांग्रेस हंगामा करके अपने सदस्यों के निजी विधेयक के समय को भी समाप्त करना चाहती है। राहुल गांधी का नाम लिए बिना किरेन रिजिजू ने कहा, इनके नेता (राहुल गांधी) नहीं सुधरते हैं तो कांग्रेस के अन्य सदस्य भी नहीं सुधर रहे हैं। आज खुद लोकसभा स्पीकर ने बार–बार कहा कि दो दिन अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद स्थिति सुधरनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस के सदस्य सुध ारने के बजाय संसद परिषद में खाने–पीने का सामान लेकर अनुशासनहीनता का काम करते हैं। कांग्रेस के नेता (राहुल गांध ी) ही ग्लास–थाली लेकर नाटक कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता सोचते हैं कि नाटकीय कामों से वे जनता का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं, लेकिन जनता विपक्षी सदस्यों की ऐसी हरकतों से नाराज है और इसीलिए ये लोग सत्ता में नहीं आ सकते हैं। रिजिजू ने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी में अब कोई ऐसा नहीं



बचा है, जो अपने नेता (राहुल गांधी) को समझा सके। क्योंकि उनके नेता के साथ–साथ सारे कांग्रेसी सदस्यों का भी आचरण बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों के पास अभी भी समय है। उन्हें अपने आप में सुधार लाना चाहिए, वरना जनता फिर से सजा देगी। इस दौरान, सदन में पीठासीन संध्या राय ने भी विपक्ष के हंगामे पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने हंगामे पर कहा कि विपक्ष के सदस्यों का ये व्यवहार ठीक नहीं है। यह लोकतंत्र की मर्यादा के लिए भी ठीक नहीं है। जनता उन्हें देख रही है। संध्या राय ने कहा, हम देश के युवाओं को क्या सीख दे रहे हैं? इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से चौथी बार की बात, होर्मुज में भारत को मिली बड़ी राहत

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर अहम बातचीत की है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है। यह बातचीत ऐसे महत्वपूर्ण समय में हुई है, जब पश्चिम एशिया में जारी भारी संकट के बीच भारतीय जहाज सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर आगे बढ़े हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल और गैस का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान ने हाल के संघर्ष के दौरान इस मार्ग पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमले किए हैं, जिससे अमेरिका, यूरोप और इजरायल से जुड़े जहाजों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है और भारत जैसे आयात–निर्भर देशों के लिए चिंता बढ़ गई है। बातचीत के दौरान, ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने एस. जयशंकर को अमेरिका और



श्जायोनी शासनश (इजरायल) द्वारा ईरान के खिलाफ की गई आक्रामकता और अपराधों से उत्पन्न ताजा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। अराघची ने स्पष्ट किया कि ईरानी सरकार, वहां की जनता और सशस्त्र बल हमलावरों के खिलाफ अपनी रक्षा के वैध अध ाकार का प्रयोग करने के लिए पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों को ईरान के खिलाफ इस सैन्य आक्रामकता की निंदा करनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए श्ब्रिक्सश को एक महत्वपूर्ण मंच बताया और आग्रह किया कि इस नाजुक मोड़ पर वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए ब्रिक्स को एक रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय दोनों तरह के सहयोग को और अधिक विकसित करने के लिए भारत की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि क्षेत्र में स्थायी स्थिरता और सुरक्षा कायम करना सबकी साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं।ईरान युद्ध और तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है। इस स्थिति के बीच, भारत अपने 28–30 भारतीय–ध्वज वाले मालवाहक (मर्चेंट) जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए लगातार बातचीत कर रहा है। इसी प्रयास के तहत हाल ही में तीन जहाजों ने सफलतापूर्वक होर्मुज को पार किया है। इनमें शेनलॉन्ग (जो लाइबेरिया के झंडे वाला जहाज है, लेकिन इसका कप्तान भारतीय है), और दो भारतीय झंडे वाले जहाज– पुष्पक और परिमल शामिल हैं।

# संसद सत्रः एलपीजी पर लोकसभा में गतिरोध बरकरार

## विपक्ष ने लगाए मोदी जी, एलपीजी के नारे, कार्यवाही स्थगित

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने देश में एलपीजी की किल्लत के विषय को लेकर शुक्रवार को लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही जब एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। उन्होंने मोदी जी, एलपीजी के नारे लगाए। पीठासीन सभापति संध्या राय ने शोर–शराबे के बीच आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि सदन ठीक ढंग से चलना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के नेता और उसके सांसद नहीं सुधर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज गैर–सरकारी कामकाज होना है। यह सरकार



का कामकाज नहीं है, बल्कि सदस्यों का है। अगर कांग्रेस के नेता (राहुल गांधी) नहीं सुधर रहे हैं तो सांसद भी नहीं सुधर रहे हैं। रीजीजू ने दावा किया कि विपक्ष के नेता संसद परिसर में गिलास–थाली लेकर नाटक कर रहे हैं ताकि जनता का ध यान आकर्षित कर सकें, लेकिन जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ये लोग सत्ता में नहीं आ सकते।उन्होंने कहा, कांग्रेस में कोई नहीं बचा है तो इनके नेता को समझाए। इनके नेता के साथ कांग्रेस के सभी लोग बिगड़ गए हैं। संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, सदन को चलने दीजिए। देश की जनता देख रही है। यह लोकतंत्र की मर्यादा के लिए ठीक नहीं है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने दोपहर 12 बजकर नौ मिनट पर सदन की बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, शुक्रवार सुबह 11 बजे भी कांग्रेस और विपक्ष के सदस्यों ने देश में एलपीजी गैस की कथित कमी के मुद्दे पर हंगामा किया जिसके कारण सदन की बैठक शुरू होने के करीब तीन मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इसी दौरान कांग्रेस के सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर देश में एलपीजी गैस की कथित कमी का मुद्दा उठा रहे थे। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को इस मुद्दे पर कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने की बात कहते सुना गया। बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल सदन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और आज भी विपक्ष के आठ सांसदों के प्रश्न सूचीबद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में जहां देश के मुद्दे, क्षेत्रों की समस्याएं उठाई जाती हैं, वहीं सरकार की जवाबदेही भी तय होती है। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, आप कहते हैं कि बोलने का अवसर नहीं मिलता। जब आपको बात रखने का समय और अवसर दिया जाता है, तब आप बोलना नहीं चाहते, सदन में गतिरोध पैदा करना चाहते हैं जो संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद यदि सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहते हैं तो उठा सकते हैं। बिरला ने यह भी कहा, एक और आग्रह कर रहा हूं कि संसद के अंदर हो या संसद परिसर में बाहर हो, उसकी पवित्रता, मर्यादा, प्रतिष्ठा बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। जिस तरह का आचरण और व्यवहार आप कर रहे हैं, उससे सदन की पवित्रता को समाप्त कर रहे हैं।श्श जब विपक्ष के सांसदों ने अपने आठ साथियों के निलंबन का मुद्दा उठाया तो अध्यक्ष ने कहा, सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही कार्रवाई होगी। यह स्पष्ट है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब तीन मिनट बाद ही कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

# केजरीवाल ने उठाया होर्मुज का मुद्दा, पीएम मोदी से पूछा-क्या ईरान ने भारतीय जहाजों को दी सुरक्षा की गारंटी?

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को सवाल किया कि क्या ईरान ने यह आश्वासन दिया है कि भारतीय पोतों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने दिया जाएगा। केजरीवाल ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से वीरवार रात फोन पर बात कर पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर चर्चा की थी। प्रध ानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति



को बताया कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के साथ–साथ सामान और ईंधन के निर्बाध परिवहन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जी, क्या ईरान के राष्ट्रपति ने आपको आश्वासन दिया है कि वह हमारे पोतों को होर्मुज से निकलने देंगे? क्या देशवासियों को इस गंभीर संकट से जल्द छुटकारा मिलेगा? ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जिसके माध्यम से भारत के ऊर्जा आयात का एक बड़ा हिस्सा आता है। भारत आ रहे एक तेल टैंकर पर ईरानी सेना ने तीन दिन पहले उस समय गोलीबारी की जब वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

# सम्पादकीय

## क्या भारतीय स्टार्टअप्स में फिर लौटेगा चीनी पैसा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग बड़ा फैसला किया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि चीन से निवेश के नियमों में ढील दी गई है। यह नियम 2020 में बनाए गए थे। इसके तहत चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए अनिवार्य रूप से सरकार से मंजूरी लेनी पड़ती थी। इस नीति में संशोधन कर कुछ आवश्यकताओं को आसान बनाया गया है। हालांकि, प्रेस नोट तीन को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने अप्रैल 2020 में भारत की एफडीआई नीति के संशोधन के रूप में जारी किया था। इसके तहत यह अनिवार्य कर दिया गया था कि भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले किसी भी निवेश को पहले सरकारी मंजूरी लेनी होगी। यह प्रावधान उन मामलों में भी लागू होता था जहां निवेश का लाभकारी स्वामित्व इन देशों में स्थित होता था, भले ही निवेश किसी अन्य क्षेत्राधिकार के माध्यम से आया हो। इस बदलाव से पहले, भारत के अधिकांश क्षेत्रों में एफडीआई ऑटोमेटिक रूट से आता था। यानी निवेशकों को सरकारी मंजूरी की आवश्यकता नहीं थ।. प्रेस नोट तीन ने ऐसे निवेशों के लिए सरकारी मंजूरी जरूरी कर दिया था। सरकार ने यह उपाय कोविड–19 महामारी के दौरान तब पेश किया था। उस समय वैश्विक बाजार बुरी तरह गिर गए थे। इस नीति का उद्देश्य उन भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकना था जिनका मूल्यांकन आर्थिक मंदी के दौरान कम हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में खटास आई थी। तनाव के उस दौर में भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए एक कड़ा रुख अपनाया था। तब टिकटॉक, वीचौट और यूसी ब्राउज़र समेत चीन के 200 से अधिक मोबाइल एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वैसे आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में एफडीआई निवेश में चीन का हिस्सा बहुत कम है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच, चीन का भारत में कुल एफडीआई इक्विटी में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सा रहा है, जो कि 2.51 अरब डॉलर है. हालांकि, चीन से द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है और चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024–25 में चीन से आयात बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया। प्रेस नोट तीन लागू होने से पहले, चीनी तकनीकी निवेशक भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में सक्रिय थे। अलीबाबा और एंट ग्रुप जैसी कंपनियों ने पेटीएम जैसी फर्मों में निवेश किया था। जोमैटो, ओला और बिगबास्केट जैसी कंपनियों में भी चीनी निवेशकों की हिस्सेदारी थी। 2020 के बाद, चीनी निवेशकों से जुड़े प्रस्तावों के लिए सरकारी मंजूरी की आवश्यकता होने लगी, जिससे फंडिंग के दौर धीमे हो गए। अब उम्मीद की जा रही है कि 2020 में शुरू की गई कुछ मंजूरी आवश्यकताओं में ढील दी जाएगी। संशोधित ढांचा प्रक्रियात्मक बाधाओं को कम कर सकता है और मंजूरी प्रक्रिया को आसान बना सकता है। सरकार द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए जाने के बाद ही इसकी स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी कि इस ढील का दायरा क्या होगा और यह किन क्षेत्रों को कवर करेगा।


नफीस जाफरी

## नेपाल में महिला दिवस पर चुनावी गिफ्ट

डॉ. सुधीर सक्सेना

नेपाल में बिना होहल्ले और शोरशराबे के चुनाव सम्पन्न हो गये। ईरान–इस्रायल जंग के दरम्यां हुये इस चुनाव की ओर लोगों का ज्यादा ध्यान नहीं गया, किंतु महिला दिवस पर आये नतीजों ने छोटे मुल्क में बड़ी इबारतें लिख दीं। मतदाताओं ने वाम और दक्षिण को धता बतायी, राजशाही के समर्थकों को ठेंगा दिखाया और फकत चार साल पहले वजूद में आई पार्टी – राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को प्रचंड जनादेश प्रदान किया। जनादेश के फलस्वरूप 35 वर्षीय बालेन शाह नेपाल के युवतम प्रधानमंत्री होंगे। इस पद तक पहुँचे वह पहले मधेशी और पहले बौद्ध मतावलंबी भी हैं। इस दूरगामी महत्त्व के चुनाव की एक और खासियत रही कि आरएसपी की 16 प्रत्याशिनों में से 13 विजयी रहीं। बिला शक इसे महिला दिवस पर नेपाली मतदाताओं की खूबसूरत और काबिले तारीफ गिफ्ट माना जा सकता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने महिला उम्मीदवारों की सफलता मंत एक मील का पत्थर हासिल किया है, जिसमें उसकी 16 में से 13 महिला उम्मीदवार विजयी हुई हैं। ज़्यादातर विजेताओं ने भारी अंतर से अपनी सीटें हासिल कीं, जो पार्टी की महिला नेताओं के लिए समर्थन की एक मज़बूत लहर को दिखाता है।हालांकि, पार्टी को तीन हार का सामना करना पड़ा। बिनीता कठायत जुमला में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के ज्ञानेंद्र शाही से हार गईं; सरीन तमांग को सुनसरी–1 में श्रम संस्कृति पार्टी के हरका राज राय ने हराया; और ताशी ल्हांजोम हुमला में चौथे स्थान पर रहे। रंजू दर्शना ने काठमांडू–1 में पार्टी का खाता खोला, ललितपुर–3 में, तोसिमा कार्की ने लगातार दूसरा कार्यकाल हासिल किया। सबिता गौतम, जिन्होंने 2022 के चुनाव में काठमांडू–2 का प्रतिनिधित्व किया था, ने सफलतापूर्वक अपना निर्वाचन क्षेत्र चितवन–3 में स्थानांतरित कर दिया। उन्हें 59,277 वोट मिले, जिससे उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी की उम्मीदवार रेणु दाहाल, जो भरतपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी की पूर्व मेयर थीं, को भारी हार का सामना करना पड़ा। रेणु दाहाल पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड की बेटी हैं. मोरंग–6 में, काठमांडू यूनिवर्सिटी से एमबीए ग्रेजुएट रुबीना आचार्य ने 55,513 वोटों के साथ ज़बरदस्त जीत हासिल की। और दक्षिण में मोरंग–5 में, पब्लिक हेल्थ ग्रेजुएट और पहले हेल्थ वॉलंटियर रहीं आशा झा ने 20,000 से ज़्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। झापा में, क्रस्क्क ने दो जीत दर्ज कीं। निशा डांगी (झापा–1) ने 45,680 वोट हासिल किए. पूर्व डिप्टी स्पीकर इंदिरा राणा मगर (झापा–2) को 60,110 वोट मिले। सरलाही–1 में, नितिमा भंडारी कार्की ने 44,181 वोटों के साथ जीत हासिल की, एक सफल एग्रीकल्चरल एंटरप्रेन्योर कोमल ग्यावली कैलाली–1 से 17,862 वोटों के साथ चुनी गईं। सोशल वर्कर बीना गुरुंग ने 37,750 वोट हासिल किए और कास्की–3 में कांग्रेस उम्मीदवार मनोज गुरुंग को 24,970 वोटों के अंतर से हराया। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट आशिका तमांग 39,128 वोटों के साथ संसद में पहुंचीं, उन्होंने धादिंग–1 में यूएमएल के पुराने नेताओं भूमि प्रसाद त्रिपाठी और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के राजेंद्र प्रसाद पांडे को हराया। सप्तरी–1 से छत्तीस साल की पुष्पा कुमारी चौधरी ने 38,195 वोटों के साथ बड़ी जीत हासिल की। महोतरी–4 में, गौरी कुमारी ने 30,132 वोट हासिल किए।

# ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ महाभियोग? क्यों विपक्ष के लिए ये हारी हुई लड़ाई लड़ने जैसा है!


गुलफिशा खान

जैसा कि सर्व विदित है कि चुनाव आयोग का पूरा पैनल बीते दिनों पश्चिम बंगाल के दो दिनों के दौरे पर था। जिसका वहां पर तृणमूल कांग्रेस ने विरोध खुलकर विरोध किया। वहीं संसद में तृणमूल कांग्रेस देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में है। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने बजट सत्र के पहले भाग में ही कहा था कि उनकी पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाना चाहती है। मगर उसी वक्त कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया, उस वक्त सभी विपक्षी दलों के सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए मगर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। अब जब बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हुआ तो तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर वह विपक्ष के साथ है और विपक्ष के साथ वोट भी करेगी। इंडिया गठबंधन की संसद भवन में जो बैठक हुई, उसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव सहित कई विपक्षी दल के नेता थे। उसमें तृणमूल कांग्रेस के तरफ से शताब्दी रॉय शामिल हुईं और उन्होंने बैठक में कहा कि बंगाल में जिस ढंग से एसआईआर का प्रक्रिया की जा रही है वह बहुत अनुचित है, इसमें चुन–चुन कर तृणमूल कांग्रेस के वोट काटे जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव आयोग के साथ तीन बार बैठकें की। मगर वो बेनतीजा रही। बंगाल में सही वोटरों का नाम काटा जा रहा है इसलिए तृणमूल कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाना चाहती हैं। विपक्ष के बाकी नेता इस पर सहमत दिखे। क्योंकि राहुल गांधी बिहार चुनाव से ही चुनाव आयोग पर निशाना साधते नजर आए हैं। वो दिल्ली में कई प्रेस कांफ्रेंस कर बोगस वोटरों के मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त को कटघरे में खड़ा कर चुके हैं। राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देने के लिए चुनाव




आयोग ने दिल्ली में एक बड़ी प्रेस कांफ्रेंस भी की थी। वैसे यहां यह बताते चलें कि अभी तक संसद में किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग नहीं लाया गया है। इतना जरूर हुआ है कि भारत के संसदीय इतिहास में पांच बार हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ महाभियोग लाया गया है और अभी जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ भी महाभियोग लाने की प्रक्रिया चल रही है जिसके लिए 100 से अधिक लोकसभा और 50 से अधिक राज्यसभा सांसद अपने हस्ताक्षर कर चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त पर महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा में 50 तो लोकसभा में 100 सांसदों के हस्ताक्षर चाहिए। इस पर तृणमूल कांग्रेस को कोई समस्या नहीं होगी। तृणमूल कांग्रेस नेता शताब्दी रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी महाभियोग के प्रस्ताव के ड्राटिंग में जुटी है। राज्यसभा की संख्या के आधार पर सरकार को कोई दिक्कत नहीं होगी और महाभियोग का विपक्ष का प्रस्ताव गिर जाएगा। 245 की राज्यसभा में एनडीए के पास 134 सांसद हैं जबकि इंडिया गठबंधन के पास 79 सांसद हैं, 30 सांसद ऐसे पार्टियों से हैं जो ना एनडीए में हैं और ना ही इंडिया गठबंधन में। जैसे आम आदमी पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस, बीजेडी आदि जबकि दो सीट खाली पड़ी हैं। मगर तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि सदन में वो अपनी बात कहना चाहती है और अपनी बातों को रिकॉर्ड पर लाना चाहती है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि आजतक किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव नहीं लाया गया है। इस बार भी उम्मीद कम ही है। मुख्य चुनाव आयुक्त से पहले विपक्ष चीफ जस्टिस और उपराष्ट्रपति के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव लाने की कोशिश की है लेकिन हर बार इसे खारिज कर दिया गया है। 2018 में तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआई समेत 7 विपक्षी पार्टियों ने महाभियोग का नोटिस दिया था। हालांकि, राज्यसभा के सभापति ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि आरोप संवैधानिक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके बाद दिसंबर 2024 में इंडिया ब्लॉक के लगभग 60–70 सांसदों ने तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने के लिए राज्यसभा के महासचिव को नोटिस दिया था। विपक्ष ने उन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया था। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने 19 दिसंबर 2024 को इस नोटिस को खारिज कर दिया था। हाल ही में इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ राजनीतिक विचारधारा के आधार पर फैसले लेने का आरोप लगाते हुए महाभियोग लाने की कोशिश की थी।

# ईरान युद्ध में अमेरिका की वह टैक्टिकल ग़लती कैसे उस पर पड़ी भारी!


फरीद वारसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि युद्ध तब तक जारी रहेगा जब तक ईरान को पूरी तरह और निर्णायक रूप से पराजित नहीं हो जाता। उन्होंने यह बात रिपब्लिकन सांसदों से बात करते हुए की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से उनके लक्ष्य हासिल हो चुके हैं। ट्रंप के इस बयान पर ईरान ने कड़ा जवाब दिया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि युद्ध कब खत्म होगा, ये हम तय करेंगे, अमेरिका नहीं। ट्रंप नेयुद्ध को लेकर अलग–अलग बयान दिए। इससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि आखिर ट्रंप कहना क्या चाहते हैं। उन्होंने सीबीसी न्यूज से कहा था युद्ध लगभग पूरी तरह खत्म होने की स्थिति में है। उनका कहना था कि अमेरिका निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इसका मतलब है कि अभियान जल्द खत्म हो सकता है, तो उन्होंने कहा,मुझे नहीं पता, यह निर्भर करता है। इसे खत्म करना मेरे दिमाग में है, किसी और के नहीं। ट्रंप अपनी बातों को लेकर स्पष्ट नजर नहीं आए लेकिन उनके बयानों का असर बाजार पर साफ–साफ नजर आया। शेयर बाजारों में तेजी लौट आई तो कच्चे तेल की कीमत, जो दिन में 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, घटकर 90 डॉलर प्रति बैरल तक आ गई। कई विश्लेषक ट्रंप के इन अस्पष्ट बयानों को उनकी घबराहट का प्रतीक बता रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसा लगता है कि अमेरिका इस युद्ध में फंस गया है। वहीं ईरान अमेरिका को इस युद्ध में लंबे समय तक उलझा कर रखने की योजना पर आगे बढ़ता हुआ नजर रहा है। वह अमेरिका और इजरायल को थकाना चाहता है। इसी रणनीति के तहत उसने अपने ड्रोन और मिसाइलों में कमी लाई है। वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है और खाड़ी के तेल उत्पादक देशों पर हमला कर दुनिया के तेल बाजार में उथल–पुथल मचा रहा है। वह चाहता है कि अमेरिका घबराकर इस युद्ध से पीछे हट जाए। वहीं ट्रंप ने कुछ ही दिन पहले ही कहा था कि युद्ध तब तक नहीं रुकेगा जब तक ईरान बिना शर्त आत्मसमर्पण नहीं कर देता है। युद्ध के बाद से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की एक खबर के मुताबिक युद्ध के पहले दो दिन में ही अमेरिका ने 5.6 अरब डॉलर के हथियार इस्तेमाल कर लिए थे। अमेरिका के ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिक्स के मुताबिक फरवरी में अमेरिका में 92 हजार नौकरियां कम हो गईं। वहीं बेरोजगारी की दर 4.4 फीसदी तक पहुंच गई। यह दिसंबर 2021 के बाद सबसे कम है। अमेरिकी मतदाताओं के लिए महंगाई और जीवनयापन की लागत बहुत बड़ा मुद्दा हैं। अमेरिका में हुए सर्वेक्षणों के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध के को लेकर लोगों में नाराजगी है। यह स्थिति ट्रंप के लिए राजनीतिक रूप से जोखिम भरी हो सकती है, क्योंकि नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव तय करेंगे कि अमेरिकी कांग्रेस पर किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा। एक गलत फैसला कैसे भारी पड़ सकता है, ये बात अमेरिका से पूछनी चाहिए जिसने पिछले साल एक ऐसी गलती कर दी थी, जिसका खामियाजा उसे अब भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका आज ईरान में जंग लड़ रहा है और उसे सबसे ज्यादा परेशान शाहेद ड्रोन कर रहे हैं। ईरान के ड्रोन हमलों में काफी अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। इन ड्रोन को मारने के लिए अमेरिका को लाखों डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। लेकिन अगर सात महीने पहले अमेरिका ने यूक्रेन के साथ डील कर ली होती तो उसे शायद आज ये सब नहीं झेलना पड़ता। एक रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 7 महीने पहले यूक्रेन ने ईरान के ड्रोन को गिराने के लिए अपनी जंग में आजमाई हुई टेक्नोलॉजी



को अमेरिका को बेचने की कोशिश की थी। यूक्रेन ने एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी दिया था, जिसमें दिखाया गया था कि उनकी तकनीक मिडिल ईस्ट में जंग में अमेरिकी सेना और उनके साथियों की रक्षा कैसे कर सकता है? तब ट्रंप सरकार ने यूक्रेन की इस डील को ठुकरा दिया था। लेकिन बताया जा रहा है कि ईरान की तरफ से लगातार हो रहे ड्रोन अटैक के बाद अपना फैसला बदल लिया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के ऑफर को ठुकराना सबसे बड़ी गलतियों में से एक है। 28 फरवरी से जंग शुरू होने के बाद से ईरान के सस्ते शाहेद ड्रोन सात अमेरिकी सैनिकों की जान ले चुके हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने माना, अगर ईरान युद्ध से पहले हमसे कोई टैक्टिकल गलती या भूल हुई थी तो वह यह थी। यूक्रेन इस वक्त ईरान के शाहेद ड्रोन से निपटने में दुनिया का सबसे अनुभवी देश है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के लिए ईरान से हजारों की संख्या में इन ड्रोन्स को खरीदा था। इन ड्रोन को मार गिराने के लिए यूक्रेन ने दूसरे सेंसर और एयर डिफेंस के साथ–साथ एक कम लागत वाला इंटरसेप्टर ड्रोन भी बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 18 अगस्त को व्हाइट हाउस में एक बंद कमरे में मीटिंग हुई थी, जिसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राष्ट्रपति ट्रंप को इंटरसेप्टर ड्रोन ऑफर किए थे। यह अमेरिका के साथ रिश्ते मजबूत करने की पहल थी। मीटिंग के दौरान यूक्रेनी अधिकारियों ने एक प्रेजेंटेशन दिखाया था, जिसमें मिडिल ईस्ट का नक्शा था और चेतावनी दी गई थी कि ईरान अपने शाहेद ड्रोन डिजाइन को बेहतर बना रहा है। प्रेजेंटेशन में तुर्किए, जॉर्डन और खाड़ी देशों में जहां–जहां अमेरिकी बेस हैं, वहां ईरान और उसके प्रॉक्सी के खतरों से निपटने के लिए ड्रोन कॉम्बैट हब बनाने का आइडिया था। यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि उस मीटिंग में ट्रंप ने अपनी टीम से इस पर काम करने को कहा था लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि उस वक्त हमें यूक्रेन की बातों पर यकीन नहीं हुआ। अमेरिका को अपने ड्रोन और एंटी–ड्रोन सिस्टम प्रोडक्शन और जानकारी तक पहुंच देने के बदले में यूक्रेन ने अमेरिकी हथियारों का प्रस्ताव रखा था। एक यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि श्हमारी समस्या पैसे की कमी थी। हम जितना बना सकते थे, संसाधनों की कमी के कारण उसका सिर्फ 50 प्रतिशत ही बना पाए। इसलिए हम चाहते कथे कि अमेरिका इन्वेस्ट करे और प्रोडक्शन में उसका हिस्सा हो। द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ईरान में जंग शुरू होने के बाद गुरुवार को अमेरिकी ने जेलेंस्की से एंटी–ड्रोन मदद मांगी है। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया से कहा कि अगर यूक्रेनी ड्रोन जल्दी तैनात किए जाते तो मदद मिलती है। अमेरिका ने उस वक्त यूक्रेन की डील को नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन अब वह उसको बहुत भारी पड़ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक ईरानी शाहेद ड्रोन की कीमत 20 हजार से 50 हजार डॉलर होती है। लेकिन इन्हें मारने के लिए लाखों डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि यूक्रेन के इंटरसेप्टर ईरानी ड्रोन से भी सस्ते हैं।

# नेपाल में वाद का बोझ घटा है, समस्याओं का नहीं

अरविन्द मोहन

नेपाल चुनाव और उसके नतीजों की व्याख्या कई तरह से की जा रही है। यह स्वाभाविक है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया के दौरान वहां जो कुछ दिखा उसकी चर्चा कम हुई। चुनाव घोषणा होते ही हर बड़े दल में उठापटक हुई और कई टूट–फूट तथा विलय भी देखने में आये। कई दलों ने अपने अराध्य का नाम लेना पाप समझा तो नेपाली कांग्रेस ने नेपाल के जेन जी आंदोलन और मुख्य ताकत बनाकर उभर रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को देखते हुए नया नेता चुना। तब भी पार्टी चारों खाने चित्त हुई। हर दल नौजवानों को आगे करने का प्रयास जरूर किया लेकिन स्थापित पुराना नेतृत्व नतीजों के पहले मैदान छोड़ने को तैयार न था। न था कहना शायद गलती है इसे नहीं है कहना चाहिए। जिस समानुपातिक प्रणाली से नेपाल संसद का एक बड़ा हिस्सा भरने की विलक्षण व्यवस्था की गई है उसके लिए पार्टियों के नामांकन की सूची चुनाव उम्मीदवार चुनने से पहले बनी। और उसे बनाने के क्रम में ही असली झगड़े हुए और आप पाएंगे कि इतने साफ जनादेश के बावजूद जब इस व्यवस्था वाले सांसद आएंगे तो काफी पिटे पिटाए चेहरे दिखने में आएंगे। नेपाल कांग्रेस की आंतरिक लड़ाई पार्ट दो शुरू होगी और संभव है बुरी तरह पिटकर कम्युनिष्ट पार्टियां भी एकजुट होने की कोशिश करें। लेकिन नेपाल के लोगों ने जितना साफ जनादेश दिया है उसे समझने की जरूरत है और वह पूरी पुरानी राजनीति को लगभग सीधे नकारने जैसा है। कौन–कौन पूर्व प्रधानमंत्री चुनाव में हारा और किसने चुनाव लड़ने की हिम्मत न की यह सूची पर्याप्त बड़ी है। लेकिन इतना कहने में हर्ज नहीं है कि नेपाली मतदाता ने सारे वादों अर्थात विचारधारा का नाम लेकर राजनैतिक नौटंकी करने वालों को ठुकराया है। इसमें कम्युनिष्ट खेमे के की दल तो हैं ही, दक्षिणपंथी और राजा समर्थक दल भी हैं। एक पार्टी तो सीधे राजतन्त्र की वापसी के नाम पर इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में हिस्सा ले रही थी। एक सीधे चीन समर्थक पार्टी थी। ज्यादा दिलचस्प मामला मधेश और पहाड़ या किसी जाति और क्षेत्र का नाम लेकर राजनीति करने वालों की दुर्गति भी रही। खुद बालन शाह के मैथिली बयान या मधेशी होने का सवाल भी उठाया गया लेकिन लगता नहीं कि मतदाता इन बातों से किसी भी तरह प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को दो तिहाई बहुमत का मतलब बहुत बड़ा है और वह नए कानून बनाने से लेकर इस पर्वतीय राष्ट्र की किस्मत बनाने– बिगाड़ने के लिए कोई भी कदम उठा सकती है। पर उसकी अपनी राजनीति भी है और प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेंदु उर्फ बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रबी लामछिने के बीच भी दोस्ती चुनाव के पहले ही हुई है। लामछिने के खिलाफ कई गंभीर आरोप भी हैं। 35 साल के बालेंदु शाह ने अभी तक पर्याप्त समझदारी दिखाई है लेकिन काठमांडू शहर के शासन और नेपाल के शासन में फरक है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनका उत्साह और नई ऊर्जा इस जवाबदेही को बहुत बढ़िया ढंग से पूरा करने में मदद देगी। चुनावी वायदों का पिटारा काफी बड़ा यही लेकिन आंख से दिखती मुश्किलों का पहाड़ वास्तविक पहाड़ों से कम ऊंचा नहीं है। बालेंदु शाह के साथ किसी वाद का तमगा नहीं है ना ही उन्होंने इस तरह के श्फार्मूलेश वाले ज्यादा वायदे किए हैं। लेकिन वे विचारधारा से मुक्त होंगे और स्वतंत्र पार्टी का मतलब किसी किस्म की मूल्यगत निष्ठा से स्वतंत्र होना नहीं है। बेरोगजारी, गरीबी, प्राकृतिक संसाधनों का कुप्रबंध या लूट, भारत और चीन जैसे दो बड़े पड़ोसी देशों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ने की चुनौती और लोकतान्त्रिक व्यवस्था में ही दिखी कमजोरियों को दुरुस्त करने का काम इतना बड़ा है कि इन पड़ोसियों से किसी किस्म की होड़ लेने या दांव–पेंच दिखाने की फुरसत नहीं होगी। अभी तक लोकतान्त्रिक व्यवस्था से चुने गए अधिकांश सरकारों ने नेपाल की खास भौगोलिक अवस्थिति का लाभ अपने स्वार्थ साधने में किया। इस बार नेपाली राजनीति के तीन सूरमा, के पी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड एकदम हाशिये पर आ गए हैं–देउबा जी को तो उनकी पार्टी नेपाली कांग्रेस के नए नेताओं ने ही घर बैठा दिया तो ओली की बुरी तरह पराजय हुई है। प्रचंड जरूर चुनाव जीते हैं लेकिन उनकी पार्टी दूसरे स्थान पर भी नहीं रह पाई। यह जगह गिरते–पड़ते नेपाल कांग्रेस को ही मिली है। फिर बाबूराम भट्टराई जैसे पूर्व सहयोगी के अलग दल बनाने से भी प्रचंड की पार्टी कमजोर हुई है। संभव है सारी कम्युनिस्ट पार्टियां फिर से एकजुटता का स्वर बुलंद करें लेकिन दुनिया में साम्यवाद की हालत और नेपाल में कम्युनिस्ट नेताओं द्वारा सत्ता संभालने का बुरा अनुभव लोगों को उन पर फिर विश्वास का मौका देगा यह कहना जल्दबाजी होगी। गगन थापा और शेर बहादुर देउबा की लड़ाई से नेपाल कांग्रेस बंटी पड़ी है लेकिन जब समानुपातिक प्रणाली से सीटें भरने का अवसर आएगा तब देउबा फिर ताकतवर होंगे क्योंकि चुनाव आयोग को नाम भेजने का काम उनके समय ही हुआ है। अब चुनावी धुलाई के बाद जल्दी से राजशाही समर्थक पार्टी या अनेक नामधारी लेकिन अलग–अलग जातीय प्रभाव वाले मधेशी दलों में भी कितना टिक पाएंगे यह देखने की चीज होगी। ऐसे बड़े और साफ जनादेश के बाद बालेंदु शाह के लिए तात्कालिक राजनैतिक चुनौतियां तो कम होंगी लेकिन उनको वापस लौटने में देर नहीं लगती। जिस तरह लोगों ने पुरानी राजनीति को ठुकराया है वैसा ही बदलाव एक अन्य मामले में दिखता है। के पी ओली और उनकी पार्टी की हार उनकी मौकापरस्त राजनीति के साथ नेपाल की राजनीति में चीनी दखल की कूटनीति को नकारना भी है। सौभाग्य से इस बार भारत की तरफ से या किसी भारतीय दल की तरफ से कोई ज्यादा नुकसानदेह बयानबाजी या बकवास नहीं किया गया। बालन शाह का एकाध भारत विरोधी बयान चलाने की कोशिश हुई तो यह तथ्य आने में देर नहीं हुई कि वह किसी और चीजध गलती की प्रतिक्रिया थी। नए आदमी के लिए राजनयन भी कोरे पन्ने के साथ शुरू हो तो अच्छा रहता है। लेकिन मुख्य मसला देसी ही रहने वाला है क्योंकि नेपाल के पास अपनी समस्याओं की कमी नहीं है और समस्याओं में असली समस्या नेताओं और जिम्मेवार लोगों का भ्रष्टाचार या भाई भतीजावाद की रही है। लोकतंत्र आने के बाद से गिनती के नेताओं का आचरण ही शक–शुबहे से ऊपर रहा है और उनकी चलने नहीं दी गई। इस बार जनता ने ऐसे सारे झमेले किनारे कर के बालेंदु शाह को सत्ता सौंपी है। सितंबर में हुई बगावत अपनी समस्याओं के साथ नेताओं के आचरण के खिलाफ थी, इस बात को शाह से बढ़िया कौन जानता है?

# खेत में मिला नर कंकाल, क्षेत्र में फैली सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर। नांगल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम मायापुरी चमरौला और दानियापुर मौजा के बीच एक खेत में नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार महिला किसान मुनेश देवी के गन्ने के खेत के पास खाली पड़े खेत में ग्रामीणों को एक नर कंकाल दिखाई दिया। यह खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीण धनश्याम सिंह ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नांगल सोती थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को एक नरमुंड और हड्डियों के कुछ अवशेष मिले हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य और नमूने एकत्र किए। पुलिस ने सभी अवशेषों को कब्जे में लेकर आगे की जांच के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कंकाल कितने समय पुराना है और मृतक की पहचान क्या है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए जांच भी कराई जाएगी। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गहन जांच कर रही है और मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवशेषों का नियमानुसार अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# ड्रोन प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन, कैडेट्स ने सीखी ड्रोन असेंबलिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। 22 वीं यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित ड्रोन प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन भी उत्साह, जिज्ञासा और नई तकनीकी सीख के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में भाग ले रहे कैडेट्स ने आज ड्रोन तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और ड्रोन को असेंबल करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने कैडेट्स को ड्रोन के विभिन्न हिस्सों जैसे मोटर, प्रोपेलर, फ्रेम, कंट्रोल बोर्ड, बैटरी और कैमरा सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि इन सभी हिस्सों को किस प्रकार सावध ।ानीपूर्वक जोड़कर एक पूर्ण रूप से कार्यशील ड्रोन तैयार किया जाता है। कैडेट्स ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वयं ड्रोन के विभिन्न भागों को जोड़ने का अभ्यास किया और सफलतापूर्वक ड्रोन असेंबल करने में कामयाबी हासिल की। असेंबलिंग के बाद कैडेट्स ने ड्रोन को ऑन–ग्राउंड उड़ाकर उसका परीक्षण भी किया। इस दौरान उन्हें ड्रोन को सुरक्षित तरीके से संचालित करने, संतुलन बनाए रखने और संभावित तकनीकी समस्याओं को पहचानने के बारे में भी बताया गया। इस व्यावहारिक अभ्यास से कैडेट्स की तकनीकी समझ में काफी वृद्धि हुई और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। यह प्रशिक्षण शिविर सीओ कर्नल राज कुमार एच सिंह तथा एओ शाहमीर आबिदी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और यह तकनीक भविष्य में रक्षा, सुरक्षा, .षि, आपदा प्रबंध ान, सर्वेक्षण और निगरानी जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कैडेट्स को इस तकनीक को गंभीरता से सीखने और इसका सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को ड्रोन संचालन से संबंधित सुरक्षा नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि आपदा प्रबंधन, खोज एवं बचाव कार्य, सीमा निगरानी, ट्रैफिक मॉनिटरिंग और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में ड्रोन किस प्रकार उपयोगी साबित हो सकते हैं। शिविर में शामिल कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आधुनिक तकनीक के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिल रही है। प्रतिदिन नए–नए विषयों पर प्रशिक्षण मिलने से उनका तकनीकी ज्ञान और कौशल लगातार विकसित हो रहा है, जिससे भविष्य में उन्हें नई संभावनाओं के द्वार खुलते दिखाई दे रहे हैं। इस अवसर पर कई अधिकारी एवं प्रशिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ड्रोन प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के लिए न केवल नई तकनीक सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है।



# देश में अमनो अमान की दुआओं के साथ अदा की अलविदा जुमे नमाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के अंतिम जुम्मे यानी अलविदा जुमा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। इस दौरान नगर व क्षेत्र में



अमन–चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। मस्जिद इमाम ने बताया कि रमजान का महीना अल्लाह की इबादत, तौबा और नेकियों को बढ़ाने का बेहतरीन अवसर है, इसलिए मुसलमानों को इन दिनों में अधिक से अधिक इबादत करनी चाहिए। उन्होने शब–ए–कद्र की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शब–ए–कद्र वह मुबारक रात है जिसे हजार महीनों से बेहतर बताया गया है। इस रात में की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने नमाजियों से अपील की कि रमजान के इन आखिरी दिनों में इबादत, कुरान की तिलावत और दुआओं का खास एहतमाम करें तथा अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें। उन्होंने सदका, जकात और फितरे की अहमियत पर भी जोर दिया ओर रमजान का महीना जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने का संदेश देता है। जिन लोगों पर जकात फर्ज है, उन्हें अपनी जकात जरूर अदा करनी चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। अलविदा जुमा के मौके पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर की सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी मयफोर्स नगर की मस्जिदो की निगरानी करते नजर आये।

# गैस एजेंसियों की बैठक में उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक नगीना द्वारा क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुमन एचपी गैस एजेंसी टांडा, नगीना गैस सर्विस नगीना, रशीम गैस एजेंसी नगीना, दीवान भारत गैस एजेंसी बढ़ापुर, इण्डेन गैस एजेंसी रायपुर सादात तथा इण्डेन गैस सेवा कोतवाली के प्रबंधक व स्वामियों ने भाग लिया। बैठक में अधि ।कारियों ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार कनेक्शनधारकों को सही समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जिन उपभोक्ताओं का गैस कनेक्शन सक्रिय है, उन्हें तीन दिन के भीतर सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर देने से पहले उपभोक्ता के पंजी.त मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही उपभोक्ता को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बताया गया कि गैस सिलेंडर की अगली बुकिंग पहली बुकिंग के 25 दिन बाद ही संभव होगी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि तहसील नगीना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। गैस कंपनियों से लगातार पर्याप्त आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे नियमों के अनुसार गैस की बुकिंग कराकर ही सिलेंडर प्राप्त करें। इसी क्रम में आज नगीना गैस एजेंसी का निरीक्षण भी किया गया, जहां पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध पाए गए। साथ ही एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एजेंसी पर कनेक्शनधारकों के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# सिपाही की ईमानदारी ने लौटाई राहगीर के चेहरे पर मुस्कान

## - सड़क पर गिरा मिला था कीमती मोबाइल

## - खीरी पुलिस ने तस्दीक कर अम्बर सराय निवासी को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी, लखीमपुर–खीरी। पुलिस का काम केवल अपराधियों को पकड़ना और कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम जनता की सेवा और उनके संकट में साथी बनना भी है। इसका जीवंत उदाहरण आज खीरी चौकी में देखने को मिला, जहाँ एक हेड कॉन्स्टेबल की ईमानदारी ने न केवल एक व्यक्ति का कीमती सामान लौटाया, बल्कि पुलिस प्रशासन के प्रति जनमानस का विश्वास भी सुढ़ किया। जानकारी के अनुसार जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अम्बर सराय निवासी ओम प्रकाश वर्मा किसी निजी कार्यवश लखीमपुर जा रहे थे। कस्बे से गुजरते समय उनका कीमती एंड्रॉयड मोबाइल फोन अचानक जेब से कहीं गिर गया। काफी दूर जाने के बाद जब उन्हें इसका अहसास हुआ, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ओम प्रकाश ने काफी देर तक सड़क और आस–पास के इलाकों में फोन की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसी दौरान ड्यूटी पर तैनात खीरी चौकी के हेड कॉन्स्टेबल विक्रम कुमार को गश्त के दौरान सड़क पर एक लावारिस मोबाइल पड़ा मिला। उन्होंने तत्काल उसे सुरक्षित अपने पास रखा। इधर, बदहवास ओम प्रकाश खोजबीन करते हुए जब चौकी पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि उनका फोन सुरक्षित हाथों में है। हेड कॉन्स्टेबल विक्रम कुमार ने पूरी ईमानदारी का परिचय देते हुए पहले उचित पहचान और दस्तावेजों की तस्दीक की। संतुष्ट होने के बाद उन्होंने ओम प्रकाश वर्मा को उनका मोबाइल सकुशल सौंप दिया। आज के समय में जहाँ लोग छोटी सी चीज के लिए भी लालच में आ जाते हैं वहीं हेड कॉन्स्टेबल विक्रम कुमार जी की इस ईमानदारी ने मेरा दिल जीत लिया। पुलिस के प्रति मेरा सम्मान कई गुना बढ़ गया है। . ओम प्रकाश वर्मा (पीड़ित) क्षेत्र में हो रही सराहना पुलिसकर्मी की इस कर्तव्यनिष्ठा की कस्बे और क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे ही जांबाज और ईमानदार जवानों की बदौलत आज भी खाकी पर जनता का भरोसा कायम है।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध को अपनी आय का स्रोत बना लेने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया था। निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी लहरपुर आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 35/26 धारा 2(इ)(प)/3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना तालगांव में वांछित अभियुक्त नबी अहमद पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी ग्राम अंगरासी थाना तालगांव को ग्राम शेखवापुर मोड़ बाजार के पास से गिरतार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभि0 उपरोक्त के विरुद्ध पूर्व में चोरी, अवैध शस्त्र व गोवध अधिनियम के अपराध में अभियोग पंजी.त है। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# लापरवाही की भेंट चढ़ा लाइनमैन, मरम्मत के दौरान करंट से झुलकर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, खैराबाद। जिले में बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही ने 40 वर्षीय लाइनमैन की जान ले ली। खैराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परागपुर गांव में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब ट्रांसफार्मर ठीक करने पोल पर चढ़े लाइनमैन दिनेश की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दिनेश (40), पुत्र रामनाथ, परागपुर गांव में खराब पड़े एक ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने के लिए बिजली के पोल पर चढ़ा था। बताया जा रहा है कि काम शुरू करने से पहले शटडाउन लिया गया था, लेकिन मरम्मत के दौरान ही अचानक हाई वोल्टेज बिजली सप्लाई शुरू हो गई। देखते ही देखते दिनेश करंट की चपेट में आ गया और उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। नीचे खड़े ग्रामीणों में चीख–पुकार मच गई, जिसके बाद आनन–फानन में पावरहाउस को सूचना देकर बिजली कटवाई गई। इकलौता बेटा था दिनेश, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ दिनेश अपने माता–पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पीछे तीन बेटे और एक बेटी का भरा–पूरा परिवार है। जैसे ही पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। भीम आर्मी का प्रदर्शन और विभाग की त्वरित सहायता घटना की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राकेश राजवंशी अपने दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग की इस गंभीर लापरवाही पर कड़ा रोष व्यक्त किया। भीम आर्मी के दबाव और सूचना के बाद बिजली विभाग के जेई अमित श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिवार को तत्काल 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से जो भी अन्य सरकारी सहायता संभव होगी, वह जल्द से जल्द दिलाई जाएगी।



पुलिस की कार्रवाई खैराबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। चौकी इंचार्ज मोनू सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और विभाग की लापरवाही की जांच के आधार पर विधि ।क कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राकेश राजवंशी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से एक मासूम परिवार उजड़ गया। हम मांग करते हैं कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और परिवार को उचित मुआवजा मिले।

# अभियुक्त को आजीवन कारावास व 40000 रुपये अर्थदण्ड की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो /सीतापुर। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना मिश्रिख पर पंजी.त मुअ.सं 290/25 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या– 14 पाक्सो एक्ट द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त लब्बर उर्फ चन्द्रभाल उर्फ शुभम पुत्र नन्हे मिश्रा निवासी ग्राम कुंवरापुर थाना मिश्रिख को अन्तर्गत धारा 5ड/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी में आजीवन कारावास एवं 40000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गई।

# प्रेमी के घर पहुंची महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर, धामपुर। थाना क्षेत्र के गांव मधी में बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला ने अपने प्रेमी के घर पहुंचकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बेहोशी की हालत में महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ध ।ामपुर में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला एक बच्ची की मां बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार महिला का एक युवक के साथ शादी से पहले से ही प्रेम संबंध था। बाद में महिला की शादी क्षेत्र के गांव मनकुआ निवासी युवक से हो गई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति–पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया और दोनों अलग–अलग रहने लगे। बताया जाता है कि इसके बाद महिला अपने प्रेमी के साथ उत्तराखंड के काशीपुर में निजी नौकरी करने लगी थी। ग्रामीणों के मुताबिक प्रेमी अब महिला से दूरी बनाना चाहता था और इसको लेकर दोनों के बीच काफी समय से तनाव चल रहा था। बताया जाता है कि मई 2025 में युवक ने महिला को कुछ रुपये देकर उससे अलग होने की कोशिश भी की थी, लेकिन महिला इसके लिए तैयार नहीं हुई। बुधवार शाम महिला अचानक गांव मधी स्थित प्रेमी के घर पहुंच गई। वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद महिला ने गुस्से में आकर वहीं जहरीला पदार्थ निगल लिया। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में यदि कोई तहरीर मिलती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता के मुकदमे के मुख्य गवाह पर जानलेवा हमला, लूटपाट का आरोप

## - हाजी रजा समेत आठ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भाजपा नेता के मुकदमे में गवाही न देने की बात से मना करने पर मुख्य गवाह मो इमरान को जान से मारने की कोशिश की गई। आरोपियों ने लहूलुहान कर लूटपाट की। मामले में पुलिस ने हाजी रजा समेत आठ नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरतार भी किया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी फैजान रिजवी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि 2021 में उनके ऊपर हाजी रजा, राहत और उनके गैंग के सदस्यों ने हमला कर हत्या की कोशिश की थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की थी। इस मामले में बाकरगंज का रहने वाला मो. इमरान मुख्य गवाह है। इमरान ने बताया कि 9 मार्च को शाम को नबील, सद्दू ने फोन करके धमकाया कि फैजान रिजवी का साथ नही छोड रहे हो तुम्हारी फिल्डिंग सेट कर दी है। दूसरे दिन वह अपने साथी फैजान रिजवी के घर बरदही बाजार होते हुए जा रहा था। जहां पहले से घात लगाए सद्दू नबील, शादमान निवासी सैय्यदवाडा, राहत, मो रिजवान उर्फ शानू निवासी चौधरना, मो० आकिब निवासी पनी, असगर अली ने उसे बरदाही बाजार के पास गली में घेर लिया। सद्दु नबील, मो0 रिजवान उर्फ शानू मो० आकिब, शादमान, असगर अली तथा दो अज्ञात लोगों ने उस पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। मो० रिजवान उर्फ शानू ने जबरन 11 हजार एक सौ दस रुपए छीन लिए। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। आरोपियों ने घटना की सूचना हाजी रजा को दी। कोतवाल हेमंत मिश्रा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपियों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा पहुंची कालिंजर-नरैनी

## – पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो / नरैनी, बांदा। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर निकाली जा रही गांव–गांव, पांव–पांव यात्रा अपने आठवें दिन कालिंजर–नरैनी क्षेत्र में पहुँची, जहाँ स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांड्ेय, यात्रा संयोजक आश्रय सिंह तथा बांदा क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह सहित कई



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह यात्रा पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के समर्थन में जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा में शामिल युवा, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता गांव.गांव जाकर लोगों को अलग राज्य के महत्व और उसके लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। प्रवीण पांड्येय ने कहा कि बुंदेलखंड दशकों से भुखमरी, बेरोजगारी, पलायन और पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने से स्थानीय सरकार रोजगार, सिंचाई और .षि से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम कर सकेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हर घर से दो हाथ इस आंदोलन के लिए आगे आएं, ताकि बुंदेलखंड के अधिकार और सम्मान की लड़ाई को और मजबूत किया जा सके। बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की और लोगों से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। यात्रा में मुख्य रूप से राजा बुंदेला, प्रवीण पांड्येय, जयराम सिंह, कालू राम प्रजापति, अजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजू सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रुपयों के लालच में पिकअप में लगाई आग, आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /किरतपुर, बिजनौर। थाना पुलिस ने पेट्रोल डालकर पिकअप वाहन में आग लगाने के मामले में एक युवक को गिरतार किया है। आरोपी की पहचान अबुजर शमीम राईन निवासी जंदरपुर थाना कोतवाली शहर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसके जरिए वह घटना का वीडियो भेजता था। पुलिस के अनुसार निमिष रस्तोगी ने 10 मार्च को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 4 मार्च की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पिकअप गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को अबुजर शमीम का नाम सामने आया। इसके बाद बृहस्पतिवार को पुलिस ने उसे गिरतार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुरुग्राम (हरियाणा) में एक सैलून पर काम करता है और पिछले कुछ समय से आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। इसी दौरान उसने अपने रिश्तेदार जैद निवासी लुकमानपुरा किरतपुर से मदद मांगी थी। जैद ने उसका संपर्क टेलीग्राम के माध्यम से अबूबकर नाम के एक व्यक्ति से कराया, जिसने वाहनों में आग लगाने के बदले पैसे देने का लालच दिया। आरोपी के मुताबिक करीब आठ दिन पहले उसने मोहल्ला झंडा में मंदिर के सामने खड़ी एक पिकअप गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और घटना का वीडियो बनाकर टेलीग्राम के जरिए जैद को भेज दिया। वारदात के बाद वह गुरुग्राम चला गया था। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को आरोपी गुरुग्राम से किरतपुर आया था और झील की ओर जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

# फौजी ढाबा लूट कांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

## - 16 हजार नकद, कारतूस, कुल्हाड़ी व घटना में प्रयुक्तस्कॉर्पियो कार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने फौजी ढाबा पर हुई लूट और मारपीट की घटना का सफल अनावरण करते हुए चार आरोपियों को गिरतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16 हजार रुपये नकद, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन, एक कुल्हाड़ी, 7 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो कार बरामद की है। घटना के संबंध में थाना जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम मिखन निवासी राजीव कुमार ने 12 मार्च 2026 को तहरीर दी थी कि 10 मार्च की रात करीब 9 बजे जब वह आगरा–कानपुर हाईवे स्थित अपने फौजी ढाबा मलाजनी पर मौजूद थे, तभी चार लोग वहां आए और खाना पैक करने को कहा। खाने का पैसा मांगने पर आरोपियों ने तलवार, फरसा और लोहे की रॉड निकालकर ढाबा संचालक और कर्मचारियों पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और गद्दी से नगदी तथा वीवो कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया। आरोपियों ने ढाबा संचालक की लाइसेंसी रायफल और कारतूस भी छीन लिए और स्कॉर्पियो कार से फरार हो गए। पीछा करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायर भी किया। मामले में थाना जसवंतनगर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा जांच शुरू की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी स्कॉर्पियो कार के साथ जौनई फार्म के पास खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर हाईवे किनारे जौनई फार्म के पास से चारों आरोपियों को गिरतार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पटना साहिब गुरुद्वारा से दर्शन कर लुधियाना लौट रहे थे। रास्ते में इटावा के पास ढाबे पर खाना खाने के दौरान पैसे को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने मारपीट कर दी। इस दौरान ढाबा संचालक की लाइसेंसी रायफल छीन ली, वीडियो बना रहे व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया और ढाबे की गोलक से करीब 16 हजार रुपये निकाल लिए। पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। भागते समय रायफल से एक फायर किया और बाद में रायफल को हाईवे किनारे फेंक दिया। पुलिस ने गिरतार आरोपियों के



खिलाफ दर्ज मुकदमे में अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की है तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया है। गिरतार आरोपियों में हरप्रीत सिंह, प्रीत सिंह, जगदीप सिंह और हरजिंदर सिंह निवासी लुधियाना (पंजाब) शामिल हैं। कार्रवाई थाना जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा की गई।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# पीएमश्री योजना के एक्सपोजर विजिट के लिए डीआईओएस ने दिखाई हरी झंडी

## – 40 छात्राओं का दल भोपाल हुआ रवाना



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शुक्रवार को शहर स्थित पीएमश्री जीजीआईसी में पीएमश्री योजना के अन्तर्गत आउट ऑफ स्टेट एक्सपोजर विजिट के अन्तर्गत 13 से 17 मार्च से 5 दिवसीय एक्सपोजर विजिट–2026 हेतु पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज की 40 छात्राओं के दल को विद्यालय से जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु यादव ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के लिए नोडल प्रभारी दीपिका चौरसिया व सह नोडल प्रभारी ममता यादव को नामित किया गया हैं। जिनकी देखरेख में छात्राओं को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइल सांइस भोपाल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च इन्वारमेंटल हेल्थ भोपाल व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एजूकेशन और रीसर्च भोपाल सम्मिलित हैं। शैक्षिक भ्रमण रवाना होने से पूर्व सभी छात्राओं को बैग, डायरी, पेन, बोतल व किट वितरित किया गया। इस अवसर पर किरन देवी, साहिस्ता खान व कीर्ति गोस्वामी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# साइबर क्राइम पुलिस ने जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मेंअपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल व नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में साप्ताहिक बाजार सुखनदिया में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200–250 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से जागरूक किया गया बताया गया कि सोशल मीडिया खातों में टू–स्टेप वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय करें मोबाइल फोन एवं महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं जटिल पासवर्ड का उपयोग करें अज्ञात स्रोतों से प्राप्त लिंक एवं एपीके फाइल्स को डाउनलोड या ओपन न करें साइबर ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सतर्क रहें। इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली–भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# राइफल क्लब मैदान में लगने वाली प्रदर्शनी को रोके जाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिलाधिकारी जे0रीभा को मांग पत्र प्रेषित करते हुए शहर के मध्य स्थित राइफल क्लब खेल मैदान में लगने वाली प्रदर्शनी को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की गई है प्रेषित पत्र के माध्यम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है कि खेल प्रेमियों के लिए एकमात्र स्थान राइफल क्लब ही है जहां पर खेल प्रेमी तरह–तरह के खेल खेल कर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाए जाने का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। वहीं दूसरी ओर अनेक खेल प्रेमी तरह–तरह के आयोजन कर अपनी कुशल दक्षता का परिचय समय–समय पर देते रहते हैं। केंद्र सरकार द्वारा अग्नि वीर योजना जो युवा हित में चलाई गई है। उस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी इस खेल के मैदान में की जाती है। यहां पर प्रदर्शनी लगाना खेल प्रेमियों के साथ अन्याय है एवं एक .ष्टिकोण से प्रतिभावान खिलाड़ियों का शोषण भी है। इसको तत्काल प्रभाव से खेल प्रेमियों के हित में रोका जाना चाहिए एवं सिर्फ खेल के लिए ही अनुमति दी जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आक्रोशित होकर अपनी बात कही कि अगर अविलंब इस दिशा में कार्रवाई न की गई तो कांग्रेस पार्टी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

# रिहा हुए अभियुक्तों के वादों की पुनः करें विधिवत समीक्षा : डीएम

## – अभियोजन की समीक्षा बैठक लेकर डीएम ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में




बताया गया कि सत्र न्यायालय में कुल 27 वाद निस्तारित हुए जिसमें से 10 में सजा हुई, 15 वाद में अभियुक्त रिहा हुआ तथा 13 वाद में अभियुक्त पक्षद्रोहिता के कारण रिहा हुए। अन्य अधिनियम के अन्तर्गत 11 वाद निस्तारित हुए, जिसमें से 11 वाद में अभियुक्त को सजा हुआ। कुल 605 वारण्ट निर्गत हुए जिसके सापेक्षा 502 वारण्ट तामिल हुए तथा 414 गवाह उपस्थित हुए जिसमें से 394 गवाह परीक्षित हुए तथा 20 गवाह अपरीक्षित हुए क्योंकि पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहे तथा अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। कुल 221 जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल हुए जिसमें 162 जमानत स्वी.त हुए तथा 59 जमानत प्रार्थना पत्र अस्वी.त हुए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) तथा लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि रिहा हुए अभियुक्तों के वादों की पुनः विधिवत समीक्षा कर ले। यदि पुनः अपील किया जाना शासकीय हित में हो तो पुनः अपील का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे। जयप्रकाश सिंह, ए०.डी.जी०सी तथा अखिलेश सिंह.ए.डी.जी.सी. को भविष्य के सचेत करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि सभी शासकीय अधिवक्ताओं की एक वर्ष का परफारमेन्स शीट बनाया जाए तथा उसे उनके व्यक्तिगत पत्रावली में रखा जाए, जिससे नवीनीकरण के समय उसका संज्ञान लिया जा सके। गंभीर धाराओं में अधिक से अधिक जमानत प्रार्थना पत्रों को अस्वी.त कराया जाए। हमारा प्रयास पीड़ित को न्याय दिलाना होना चाहिए। इसके लिए पत्रावली में वादी के अलावा अन्य उपलब्ध साक्षियों का भी साक्ष्य कराया जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अभियोजन के अधिकारी/कर्मचारी एवं शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उपस्थित रहें।

# अकीदत व शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई अलविदा की नमाज

## - मुल्क में अमन-चैन व तरक्की के लिए मांगी गई खुसूसी दुआएं

## - सुरक्षा के मद्देनजर खीरी थाना पुलिस ने मस्जिदों के बाहर संभाला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। माह–ए–रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमे की नमाज कस्बा खीरी में बेहद अकीदत, एहतराम और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस मुकद्दस मौके पर अल्लाह की बारगाह में हजारों सिर एक साथ सजदे में झुके और मुल्क में अमन–चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे के लिए खुसूसी (विशेष) दुआएं मांगी गईं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। कस्बे की हर छोटी–बड़ी मस्जिद के बाहर खीरी थाना पुलिस के जवान मुस्तैदी से डटे रहे। शुक्रवार सुबह से ही रोजेदारों में अलविदा जुमे को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा था। दोपहर की अजान होते ही कस्बे की जामा मस्जिद सहित अन्य सभी मस्जिदों की तरफ नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मस्जिदों के अंदर जगह कम पड़ने पर छतों और परिसरों में सफें (कतारें) बिछाई गईं। नमाज से पूर्व इमाम साहबान ने अपने खुतबे (संबोधन) में रमजान के पवित्र महीने की फजीलत (महत्व) बयान की और लोगों से बुराइयों से बचने तथा नेकी के रास्ते पर चलने की अपील की। नमाज के बाद जब अमन–चैन की दुआ के लिए हाथ उठे, तो कई रोजेदारों की आंखें नम हो गईं। त्यौहार और अलविदा की नमाज की संवेदनशीलता को देखते हुए खीरी थाना पुलिस ने सुरक्षा का सख्त खाका तैयार किया था। नमाज शुरू होने से काफी पहले ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के चप्पे–चप्पे पर अपनी नजरें गड़ा दी थीं।



मुख्य चौराहों से लेकर गलियों तक पुलिस की पैनी नजर रही। खासकर उन रास्तों पर यातायात को सुचारू रूप से चलाया गया जहां नमाजियों की आवाजाही ज्यादा थी। कस्बे की सभी मस्जिदों के मुख्य द्वारों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, ताकि असामाजिक तत्व किसी भी तरह की अफवाह या खलल न डाल सकें। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज संपन्न होने के बाद स्थानीय लोगों और धर्मगुरुओं ने पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजामों की सराहना की। ईद की तैयारियों में जुटा कस्बा नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पूरी होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। जुमे की नमाज के बाद कस्बे के बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली। अब रोजेदारों को मीठी ईद के चांद का बेसब्री से इंतजार है। बाजारों में सेवइयां, कपड़े, जूते–चप्पल और इत्र की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है और घरों में ईद की तैयारियां जोरों पर हैं।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रामगांव–चित्तौराआज परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बेरिया विकासखंड चित्तौरा में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विविध प्रकार के सामाजिक बुराइयों को दूर करने, शिक्षा से संबंधित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी है अनमोल रत्न, पढ़ने का कुछ करो जतन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर बालिका शिक्षा पर ध्यान देने हेतु अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही देश राष्ट्र से संबंधित अनेक कार्यक्रम देश रंगीला, आजादी की खुली हवा का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शशि लता सिंह ने किया। कार्यक्रम में विकास खंड चित्तौरा के एआरपी कुमार अभय, सुरेश कुमार यादव, पूर्व एबीआरसी राजेश कुमार मिश्र, ओंकारनाथ कौलिया, सहायक अध्यापक सुनील कुमार कनौजिया, शिक्षा मित्र रमा विश्वास, बेनजीर हैदर, एजुकेट गर्ल संस्था से कुमारी प्रिया वर्मा, कार्यकत्री बेबी सोनी, प्रधान रंजीत दास, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अलोक वर्मा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।



# डीएम ने गैस एजेंसी व पेट्रोल पम्प प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## - घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी अब केवल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से सीधे होगी : डीएम

## - सभी से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें

## - गैस एजेंसियां अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सूचना बोर्ड लगाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिती में कलेक्ट्रेट सभागार में गैस एजेंसी प्रतिनिधियो और पेट्रोल पंप प्रतिनिधियो के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कही से भी कोई शिकायत मिलती है कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियो से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि कही भी अवैध भंडारण पकड़ा जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो तो उसके लिए कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी ऑपरेशन में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबरों 0548–2224041 पर कॉल करके अपनी शिकायत बता सकते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयल कपंनी के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में नई रीफिल की बुकिंग विगत बुकिंग के 26 वें दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 46 वें दिन से



शुरू हो रही है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के पश्चात् प्राप्त ओ0टी0पी0 हॉकर को उपलब्ध कराने पर ही गैस ही आपूर्ति प्राप्त होगी। वर्तमान में जनपद में पेंडिग बुकिंग का औसतन 03 दिनों का बैकलाग चल रहा है। जिलाधिकारी ने गैस कंपनियों को निर्देश दिए कि जिसने पहले बुकिंग कराई है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पहले सिलेंडर दिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी सीधे उपभोक्ताओं के घर पर ही की जाएगी। इसके लिए ओटीपी आधारित सत्यापन व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वितरण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और यदि कहीं शिकायत मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और कहीं भी ईंधन की कमी की स्थिति नहीं है। जिलाधिकारी ने गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने नागरिकों से अपील किया कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। बैठक में जिलाधिकारी ने गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से सभी एलपीजी विक्रेताओं को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी गैस एजेंसियां अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सूचना बोर्ड लगाएं कि गैस सिलेंडर अब केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही प्राप्त होगा और वर्तमान बुकिंग नियमों तथा बुकिंग की प्रक्रिया एवं गैस डिलीवरी की अनुमानित समय सीमा का प्रदर्शन रहे, ताकि उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति न रहे। बिना ओटीपी मिलान के सिलेंडर का वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले या बोर्ड न लगाने वालों के विरुद्ध द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता से भी अपील है कि वे सुरक्षा हेतु इस डिजिटल सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 आयुष चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक शहर राकेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह, एवं संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने तहसील सिरसागंज के विभिन्न ग्रामों का किया सघन दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश शासन की मंशा अनुसार प्रदेश को इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करने के क्रम में उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ तहसील सिरसागंज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया, यूपीडा द्वारा चिन्हित एकी.त बिनिर्माण एवं रसद क्लस्टर के विस्तार हेतु एक्सप्रेस वे के समीप अतिरिक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, शासन ने औद्योगिक गलियारे के लिए लगभग 500 से 1000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि के कार्य का लक्ष्य रखा है, जिलाधिकारी ने इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपनी टीम के साथ सिरसागंज स्थित दो प्रमुख ब्लॉकों के निम्नलिखित गांवो का निरीक्षण कर वहां की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। इन गांवो में ब्लाक मदनपुर से ग्राम एलमपुर, गनपतपुर कोरारी खेड़ा, परियर भदान एवं खेड़ा खुर्द जबकि अरांव के फखरपुर, करीखेड़ा, शाहजादपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को निर्देशित किया कि वह अभिलंब चिन्हित गांव के सर्किल रेट का विस्तृत विवरण तैयार करें, साथ ही राजस्व मानचित्र पर प्रस्तावित भूमि की स्पष्ट बाहरी सीमा प्रदर्शित करते हुए, एक व्यापक निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें, ताकि शासन को समयबद्ध तरीके से प्रस्ताव भेजा जा सके, इस औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के पीछे शासन की मंशा है कि एक्सप्रेस वे के समीप औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया जाए, साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और निवेश



को आकर्षित किया जाए, जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है की भूमि का चयन यूपीडा के मानकों के अनुरूप ही किया जाएगा, जिसमें मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं भूमि एक्सप्रेस वे या राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट हो, ताकि आवागमन सुचारू रहे क्षेत्र जलभराव की समस्या से मुक्त हो, चयनित भूमि पर कोई घनी आबादी या बड़ी हाई टेंशन लाइन न हो, इस निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में उत्साह व उमंग के साथ मनाई फूलों की होली

## - प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देता है होली पर्व : रामकेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा जिला कार्यालय में



होली पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया फूलो की होली ने पर्यावरण व पवित्रता का वातावरण बना दिया। लोगो में भारतीय संस्.ति, भाईचारा, उत्साह, उमंग और बुंदेली योग संस्.ति को संजोहने का संदेश दिया गया जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के अगवायी में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम मे जहाँ कलाकारो ने शिव पार्वती व राधा .ष्ण का नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया वही लोगो को पूरे समय थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। इसी प्रकार हास्य कलाकारो ने भी अपने गीत व संगीत के माध्यम से सबका मन मोह लिया। संगीत पार्टी द्वारा प्रस्तुत सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों से लोगो ने थिरकते हुए जमकर लुप्त उठाया महिलायें भी कलाकारो के बीच थिरकने से अपने को रोक न सकी इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी भारतीय संस्.ति को प्रोत्साहन मिलता है। होली का त्योहार सामाजिक समरसता व सौहार्द का पवित्र संदेश देता है इस त्योहार का कुछ ना कुछ पौराणिक अथवा आध्यात्मिक महत्व अवश्य होता है। इस अवसर पर सभी लोगो ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएँ दी तथा ठंडाई व पकवान का आनंद लिया कार्यक्रम में जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, विवेकानंद गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, पंकज रायकवार, वंदना गुप्ता, जाग्रति वर्मा, अशोक गुप्ता, अजय पटेल आदि मौजूद रहे।

# जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल की कमी नहीं : डीएसओ

## – ओटीपी के माध्यम से प्राप्त करें रिफिल, अफवाहों पर ध्यान न दे आमजन






न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस सिलेण्डर्स पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता में कोई समस्या नहीं है। सचिव गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है तथा इसके अतिरिक्त पारदर्शी वितरण हेतु ओटीपी के माध्यम से रिफिल डिलीवरी की व्यवस्था की गयी है। श्री तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के समस्त ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि गैस एजेन्सियों पम्प धारकों द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता मनमानी से सम्बन्धित शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जाय। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डर्स पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में किसी प्रकार का भ्रम न फैलने पाये इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों विशेषकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म की सतत निगरानी की जा रही है। यदि किसी के द्वारा गैस सिलेण्डर की कमी आदि के सम्बन्ध में भ्रम फैलाया जाना पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने बताया कि गैस वितरण से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु जिला पूर्ति कार्यालय तथा गैस वितरण से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए जिला आपदा कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। श्री तिवारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में एलपीजी, डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि अनावश्यक रूप से गैस एजेन्सियों पर भीड़ न लगायें बल्कि ऑनलाइन बुकिंग के उपरान्त ओटीपी के माध्यम से सिलेण्डर प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न आवासीय संस्थाओं यथा–कारागार, सरकारी अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों–अटल आवासीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, पुलिस लाइन, सीआरपीएफ, अन्य पुलिस बल, वृद्धाश्रम, बाल सुधार गृह आदि के प्रबन्धकों को सुझाव दिया गया है कि आवश्यकतानुसार घरेलू व्यावसायिक गैस सिलेण्डर की मांग हेतु अभिलेखीय साक्ष्य सहित मांग पत्र जिला पूर्ति कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# एसकेएस कालेज में बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने लहराया परचम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की से बीएससी नर्सिंग के प्रथम व षष्ठम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हुआ। जिसमें डा. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज सबलापुर के बीएससी नर्सिंग के प्रथम व षष्ठम सेमेस्टर के सभी छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए। बीएससी नर्सिंग के प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्रिया द्विवेदी एवं उम्मे जरका, द्वितीय स्थान तनु दिवाकर, तृतीय स्थान सपना चौधरी एवं वर्तिका, उर्वशी, पूर्णिमा, दीपिका, अर्पणा,सुहानी, हर्षिका, शाहिल अहमद, निखिल चौधरी, मोनू वर्मा, संजीत, कोमल, शुहैल, अंकिता मिश्रा, आरती मिश्रा, दीपा, राबिका, निशा, अंशी, प्रगति, शशि, लक्ष्मी, खुशी मिश्रा, अंकुश समेत षष्ठम सेमेस्टर के छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए। संस्था चेयरमैन डा. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, नर्सिंग प्राचार्या डा. रोजा रानी, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर फूलचंद्र डावरिया समेत समस्त फैकल्टी ने उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने आधार अनुश्रवण समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक प्रबन्धक यूआई.डी.ए.आई. विवेक कुमार मिश्र द्वारा बताया गया कि विगत 10 वर्षों के दौरान आधार नम्बर व्यक्ति के पहचान के रूप में उभरा है। आधार नम्बर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आमजन को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेट रखना है। जिससे कि आधार प्रमाणीकरण में असुविधा न हो। श्री मिश्र ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अपना आधार 10 वर्ष पूर्व बनवाया था और उसके उपरान्त अपडेट नहीं कराया गया है। ऐसे आधार नम्बर धारकों को अपडेशन की कार्यवाही कराना चाहिए। आधार नम्बर धारकों को यूआई.डी.ए.आई. ने डाक्यूमेन्ट अपडेट की सुविधा निर्धारित शुल्क के साथ प्रदान की है। इसके द्वारा आधार नम्बर धारक व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण एव पते के प्रमाण दस्तावेजों को आधार के डाटा में अपडेट कर सकते हैं। इस सुविधा को माई आधार पोर्टल 'माई आधार डाट यूआई.डी.ए.आई. डाट जीओवी डाट इन' के माध्यम से आनलाइन किया जा सकता है अथवा नजदीकी नामांकन केन्द्र के माध्यम से भी अपडेशन की कार्यवाही की जा सकती है। श्री मिश्र ने यह भी बताया कि 05 से 17 वर्ष आयु के ऐसे बच्चों जिनका आधार पूर्व में बनाया गया है उनका बायोमैट्रिक अपडेट कराना होगा। जो आधार नामांकन केन्द्र पर निःशुल्क उपलब्ध है। श्री मिश्र ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों की आधार कार्ड सत्यापन पेन्डेन्सी 586 है जिसमें सर्वाधिक 410 पेन्डेन्सी तहसील कैसरगंज में है। उन्होंने यह भी बताया कि 05 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों एवं 15 वर्ष से अधिक आयु के किशोर–किशोरियों की 2,07,539 मैन्डेटरी बायोमेट्रिक लम्बित है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि 03 माह की अवधि में गूगल शीट के माध्यम से रजिस्ट्रार, मशीनवार प्रतिदिन अपडेट बनाये गये आधार कार्डों विवरण उपलब्ध करायें। श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित विभागों एवं स्टेक होल्डर्स को निर्देशित किया गया कि 05 वर्ष से 07 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा 15 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोर किशोरियों का शत–प्रतिशत आधार कार्ड का अपडेशन कराया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम गंगवार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मसन्द, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, आईआईआईपीबी के प्रबन्धक सौरभ सिंह, पोस्ट मास्टर एन.के. सिंह, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रबन्धक सीएचसी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

## – डीएम व एसपी की अगुवाई में शहर व खीरी टाउन में पेट्रोलिंग



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले भर में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे और पूरी तरह अलर्ट पर था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ विवेक तिवारी एवं पुलिस बल संग शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग की। प्रशासन की ओर से प्रमुख मस्जिदों सहित सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन ने हर छोटे–बड़े स्थल पर ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम भी कड़े किए। अलविदा जुमे के .ष्टिगत जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम व सीओ अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गहन पेट्रोलिंग की। प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों पर सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया, साथ ही ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस व्यापक व्यवस्था से यह सुनिश्चित हुआ कि नमाजियों के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण बना रहे और जिले में शांति और अनुशासन सर्वोपरि रहे।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान रहेगा रूट डायवर्जन

## – 14 और 15 मार्च को सुबह 6 से रात 8 बजे तक बदला रहेगा रोडवेज बसों का मार्ग

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 के आयोजन को लेकर जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 14 और 15 मार्च को रोडवेज बसों का रूट डायवर्जन लागू किया गया है। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए दोनों दिन सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक रोडवेज बसों के आवागमन में बदलाव किया गया है। जारी व्यवस्था के अनुसार इटावा रोडवेज बस स्टैंड से फर्रुखाबाद और मैनपुरी जाने वाली बसों के अलावा अन्य कोई भी रोडवेज बस चौधरी पेट्रोल पंप की ओर नहीं जा सकेगी। ये बसें बस स्टैंड से पक्का बाग मार्ग होकर अपने गंतव्य तक जाएंगी। वहीं आगरा और मैनपुरी की ओर से इटावा रोडवेज बस स्टैंड आने वाली बसों को आईटीआई चौराहा और एसएसपी चौराहा होकर अपने गंतव्य तक जाने की अनुमति होगी। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# बिजली विभाग की कार्रवाई, तीन स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी

## – मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करने वालों पर विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। विद्युत वितरण मंडल की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन उपभोक्ताओं के यहां कार्रवाई की गई। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर 12 मार्च को उपखंड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार तथा अवर अभियंता राकेश कुमार की संयुक्त टीम ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से पोषित क्षेत्रों जटपुरा, पोरस्टी खाना और नक्खासा आदि मोहल्लों में अभियान चलाकर बकायेदार उपभोक्ताओं के परिसरों पर कनेक्शन विच्छेदन और बिजली चेकिंग की कार्रवाई की। जांच के दौरान तीन उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसर में मीटर बाईपास कर बिना वैध कनेक्शन के बिजली चोरी करते हुए पाया गया। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य एकत्रित किए और संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गोविंद पुत्र रामशंकर, महमूद पुत्र मियां और शुभम कुमार वर्मा पुत्र प्रमात कुमार वर्मा के यहां बिजली चोरी पाई गई। तीनों मामलों में कुल 6 किलोवाट विद्युत भार दर्ज किया गया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या मय हुआ रामलीला मैदान, श्रीराम जन्मोत्सव पर बरसे पुष्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में चल रही श्री रामकथा के तृतीय दिवस पर रामलीला मैदान ज्वालागंज का प्रांगण भक्ति के सागर में सराबोर नजर आया। कथा व्यास चंदन .ष्ण जी महाराज ने कथा के केंद्र बिंदु श्रीराम जन्मोत्सव का ऐसा भावपूर्ण चित्रण किया कि श्रद्धालु स्वयं को त्रेतायुग की अयोध्या में महसूस करने लगे।



जैसे ही कथा व्यास ने प्रभु के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। ढोल–नगाड़ों और शंखनाद के बीच भगवान के बाल स्वरूप का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य आरती में .ष्ण कुमार तिवारी, धनंजय मिश्रा, जय किशन, अनिल महाजन, गणेश शंकर पाण्डेय, श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष एवं कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। महाराज ने कहा कि भगवान राम का अवतार केवल राक्षसों के वध के लिए नहीं, बल्कि समाज में मर्यादा और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उन्होंने समरस समाज की कल्पना को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के अलावा माताएं, बहनें व युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्था में उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता, पूरे हों सभी प्रोजेक्ट

## - कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक, जेल दीवार, सैफई मेडिकल कॉलेज व स्कूल निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ द्वारा जिला कारागार में 102 मीटर पुरानी जर्जर मुख्य दीवार के पुनर्निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जेल की दीवार सुरक्षा की .ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका तकनीकी परीक्षण कराया जाए और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही अग्निशमन केंद्र में आवासीय भवनों के निर्माण की भी समीक्षा की गई। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अंतर्गत सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों पर चर्चा करते हुए 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सैफई मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विस्तार,



प्रीफैब्रिकेटेड निर्माण, ओपीडी भवन के बाहर भूतल से पांचवें तल तक रैंप निर्माण, 300 बेडेड गायनी ब्लॉक और पैरामेडिकल आवासीय भवनों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। संयुक्त चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि किसी विशेषज्ञ संस्था से इसका निरीक्षण कराया जाए, ताकि आग से संबंधित घटनाओं को रोका जा सके और सभी उपकरण पूरी तरह क्रियाशील रहें। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज उदी में पेयजल, शौचालय व मल्टीपर्पज हॉल तथा राजकीय हाईस्कूल सहसों में दीवार निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। विकास खंड ताखा में कस्तूरबा बालिका विद्यालय के एकेडमिक हॉल का निर्माण पूर्ण हो जाने पर उसे नवरात्रि से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विकास खंड महेवा के अंतर्गत ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नगला हीरालाल में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (पक्का तालाब) के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई। पिलुआ महावीर मंदिर में निर्माणाधीन यात्री भवन को सामने न बनाए जाने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए गए कि यात्रियों की सुविधा के लिए भवन तक पहुंचने का मार्ग बेहतर और सुगम बनाया जाए। ग्राम सिंडौस (चकरनगर) में ग्रामीण स्टेडियम निर्माण के संबंध में निर्देश दिए गए कि मैदान से कंकड़–पत्थर हटाकर घास लगाई जाए तथा जलभराव की समस्या न रहे, जिससे तीन से चार माह में मैदान खेलने योग्य हो सके। नलकूप खंड प्रथम की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि 14 नलकूप पिछले दो वर्षों से बिजली कनेक्शन के अभाव में बंद पड़े हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समन्वय स्थापित कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और नलकूपों को चालू कराने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर के छात्रों ने किसानों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के बताए तरीके

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चंद्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय



सेवा योजना यूनिट–5, के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवकों ने ग्राम सराय दयानत का व्यापक सर्वेक्षण किया। इस अभियान का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी इंजी0 दिलीप कुमार वर्मा ने किया। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों ने अलग–अलग समूहों में बंटकर घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया और ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी दैनिक समस्याओं जैसे पानी की निकासी, बिजली और शिक्षा की कमी पर चर्चा की। डेरी के समस्त छात्र–छात्राओं ने ग्रामीणों को दुग्ध गुणवत्ता एवं उत्पादन बढ़ाने की तकनीकी एवं उपाय बताएं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। आज विशेष शिविर में आरएन सिंह, उप .षि निदेशक ने छात्रों को संबोधित करते हुए भूमि एवं जल संरक्षण के बारे में बताया। उप .षि निदेशक, भूमि संरक्षण ने ग्रामीण विकास में .षि तकनीकी के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार, डॉ पवन कुमार एवं अन्य कर्मचारियों सहित रिया सिंह, अनुप्रिया, मंगल, मनीष, वंशिका, हर्षिता आदि समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 50 मीटर दौड़ के विजेता छात्र विशाल सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सेवराई खंड शिक्षा क्षेत्र भदौरा के कंपोजिट विद्यालय सरैला के छात्र विशाल कुमार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्.ष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने माल्यार्पण कर, ट्रैक सूट और प्रोत्साहन राशि प्रदान कर छात्र का उत्साहवर्धन किया। बताया गया कि हाल ही में अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विशाल कुमार ने 50 मीटर दौड़ में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान



हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए उसे सम्मानित किया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के कई शिक्षक, शिक्षिकाएं और कार्यालय कर्मी मौजूद रहे। सभी ने छात्र को माल्यार्पण कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय सरैला के प्रधानाध्यापक मु. शौकत अली अंसारी, कंपोजिट विद्यालय सेवराई के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह, मु. आजाद खां, एआरपी सत्य प्रकाश पांडेय, जितेंद्र सिंह, अवधेश चौबे, कैलाश प्रसाद, नागेश्वर राम, अजय वर्मा, शशि प्रकाश, प्रेमचंद, नितेश सिंह, राहुल प्रजापति, अभय कुमार, प्रशांत त्रिपाठी, उपेंद्र कुमार, रजत, शौकत अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सपाईयों ने पूर्व राज्यसभा सांसद की मनाई जयंती

## - शिवदयाल जी की काका कालेकर आयोग में थी महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के



कार्यालय में शुक्रवार को समाजवादी विचारक, पिछड़ों व दलितों की सशक्त आवाज पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की जयंती मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात एक गोष्ठी की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चौरसिया जी बरई/तमोली समाज से आते थे। उन्होंने समाज को शिक्षित करने पर बल दिया, वो केवल एक जाति के नहीं बल्कि सम्पूर्ण पिछड़ों, दलितों, शोषितों की बुलंद आवाज थे। वो उस समाजवादी विचारधारा के स्तंभ थे जिसने आगे चल कर मंडल कमीशन और देश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग का आधार तय किया। अंबेडकर जी के साथ वैचारिक ताल मेल था। काका कालेकर आयोग में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वो कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रहे। उन्होंने पिछड़ों, दलितों के उत्थान के लिए बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन की स्थापना की थी। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन जिला सचिव हीरालाल साहू ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, प्रवक्ता जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, डा रामनरेश पटेल, रत्नेश रत्ना, संदीप माली एडवोकेट, सुमित साहू, शिवशंकर यादव, नंदकिशोर पाल, ज्ञान सिंह, कामता प्रसाद, कुलदीप सठियांनी, राजेश बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# पोषक उत्पादन के लिए जैविक खेती ही आधार

## – बैगांव के आडारू का डेरा में लगा जैविक कृषि मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड ऐराया के बैंगांव के आडारु का डेरा में जैविक .षि मेला का आयोजन किया गया। जीवाश्म कार्बन के गिर रहे स्तर पर चिंता व्यक्त की है। कार्यक्रम का आयोजन .षि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्य प्रदेश द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज खान पान में उचित पोषक तत्व नहीं मिल रहे क्योंकि रसायनों के उपयोग से वो तत्व खत्म हो रहे है। सेवानिवृत संयुक्त .षि निदेशक डा ओपी वर्मा, .षि वैज्ञानिक डा शिवमंगल सिंह ने जैविक खेती पर जोर देते हुए प्रा.तिक संसाधनों को अपनाने को बात कही। कहा कि जैविक खेती के माध्यम से ही पोषक अनाज उत्पादन किया जा सकता है। अध्यक्षता ग्राम प्रधान गुरु प्रसाद व संचालन आलोक गौड़ ने किया। गौधारित प्रा.तिक खेती के प्रशिक्षक रमाकांत तिवारी, मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र यादव, अमित श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। टीएसी अजेंद्र सिंह, शारदा प्रसाद, प्रोजक्ट क्वार्डिनेटर जितेंद्र सिंह अनिल मिश्रा, दीपांकर सिंह, विवेक अखिलेश जैसेन्द्र राहुल आदि रहे।



# प्रेस क्लब आफ यूपी जिलाध्यक्ष ने मेडिकल क्लीनिक का किया उद्घाटन

## - गरीबों को मिल सकेगा सस्ता इलाज : मो. शमशाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लाईफ केयर मेडिकल क्लीनिक का उद्घाटन प्रेस क्लब अध्यक्ष मो. शमशाद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान क्लीनिक में मेडिकल स्वास्थ्य परीक्षण का कैम्प भी लगाया गया। हुसैनगंज कस्बा निकट दुर्गा चौक स्थित लाईफ मेडिकल क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रेस क्लब आफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो. शमशाद द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान संचालक डॉ अराफात अनीस शाह ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना था डॉक्टर बनकर लोगो की सेवा करने जिसे पूरा करने के लिये उन्होंने कड़ी मेहनत कर मेडिकल की पढ़ाई की व एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। हुसैनगंज कस्बा स्थित उनके क्लीनिक में जनरल फीजिशियन के तौर पर नाक, कान, गला, सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार, बीपी शुगर, सांस, पेट एवं लीवर में समस्याएं, खून की कमी, पेशाब में जलन आदि रोगों का इलाज किया जाता है। अन्य रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन सुविधा उनके फतेहपुर स्थित हॉस्पिटल में उपलब्ध है। साथ ही बताया कि उनके क्लीनिक में गरीबों एवं असहायों को कम



खर्च में अच्छा इलाज मिल सकेगा। संचालक डॉ मो. अराफात अनीस शाह द्वारा उद्घाटन से पूर्व मुख्य अतिथि मो. शमशाद का बुके देकर स्वागत किया गया। क्लीनिक में लगाये गये मेडिकल कैम्प में लोगों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस मौके पर अलीक अहमद, डॉ रत्नेश, अयान अहमद, डॉ अभिषेक गौतम, डॉ रातिक शुक्ला, एजाज़ समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


## होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी सं. 01143/01144 लोकमान्य तिलक (ट.) - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01143 लोकमान्य तिलक (ट.)-दानापुर | | | गाड़ी सं.01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:30 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:45 | — |
| 08:38 | 08:40 | मानिकपुर | 08:55 | 08:57 |
| 10:55 | 11:00 | प्रयागराज छिवकी | 05:45 | 05:50 |
| 18:45 | --- | दानापुर | --- | 21:30 |

- गाड़ी सं. 01143: लोकमान्य तिलक (ट.) से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक • गाड़ी सं. 01144: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 11.03.2026, से 01.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06

**गाड़ी सं. 01449/01450 पुणे - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01449 पुणे - दानापुर | | | गाड़ी सं.01450 दानापुर - पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:30 | पुणे | 18:15 | — |
| 15:48 | 15:50 | मानिकपुर | 16:45 | 16:47 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 13:15 | 13:20 |
| 02:45 | --- | दानापुर | --- | 05:00 |

- गाड़ी सं. 01449: पुणे से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक
- गाड़ी सं. 01450: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 12.03.2026, से 02.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-06, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 536/26(D)



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर

ई–निविदा सूचना

पत्रांकः– 389/ए–5/ईटेण्डरिंग/2026 दिनांकः– 06.03.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., फतेहपुर, द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्रम स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | 5 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में) | कुल अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 + स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | फतेहपुर | फतेहपुर जोनिहा मार्ग से ठकुराइनपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य | 29.50 | 2.23 | 31.73 | 3.17 | रू0 944.00 | 6 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक–16-03.2026 से 24.03.2026 तक उपलब्ध है, जो दिनांक–24.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–24.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari है।

(अनिल कुमार शील)
अधिशाषी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहपुर
वास्ते महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0

UPID- 247908 Date:- 12/06/2026
website: www.upidadv.gov.in








हिन्दी दैनिक
न्यूज वाणी
फतेहपुर
शनिवार 14 मार्च, 2026


# अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के साहेबगंज गांव के समीप अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन घटनास्थल पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के साहेबगंज गांव निवासी हरपाल का 28 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। तभी गांव के सभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। जिससे बाइक चालक इंद्रपाल घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर में हड़कम्प मच गया। तुरंत फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# पेड़ से गिरकर महिला घायल, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के कठेरवा गांव में महिला अमरूद के पेड़ पर चढ़कर अमरुद तोड़ रही थी। तभी वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कठेरवा गांव निवासी जागेष्वर की 45 वर्षीय पत्नी राजश्री आज दोपहर अपने घर के समीप लगे अमरूद के पेड़ पर चढ़कर अमरूद तोड़ रही थी। तभी पेड़ की डाल टूट गयी और वह डाल सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया तो परिजनो ने अपने प्राइवेट वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# टेंट लगाते समय नीचे गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खांडेदेवर गांव में युवक लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर टेंडर लग रहा था। तभी पलट गई और युवक नीचे गिरकर घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके साथियों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खांडे देवर गांव निवासी राकेश का 19 वर्षीय पुत्र रामू जो टेंट लगने का काम करता है। आज वह गांव में टेंट लगा रहा था तभी टेंट लगाते समय वह सीढ़ी पर चढ़कर बाँध रहा था। तभी सीढ़ी पलट गई और वह नीचे गिरकर घायल हो गया।। हादसे की जानकारी उसके साथियों को हुई तो तुरंत घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

# बाइक की टक्कर से किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर किशोर खेल रहा था। तभी तेज रतार से निकला अज्ञात बाइक सवार उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे किशोर घायल हो गया। परिजन घायल अवस्था उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर किशोर का इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी नरेंद्र उर्फ झल्लू का 12 वर्षीय पुत्र जीत आज दोपहर में गांव में खेल रहा था। तभी रास्ते से निकला तेज रतार अज्ञात बाइक सवार उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। बाइक की टक्कर से जीत घायल हो गया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

# हाइटेंशन तार से निकली चिंगारी, 150 बीघे गेहूं की फसल राख

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के पुराइन गांव में शुक्रवार को हाइटेंशन बिजली तार से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 150 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से गांव के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेतों के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन बिजली तार से अचानक चिंगारी निकली, जो सूखी फसल पर गिरते ही आग में बदल गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक लगभग 150 बीघे गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। आग से गांव निवासी किसान राधे, राधे चौरसिया, खुन्नू चौहान सहित करीब एक दर्जन किसानों की फसल नष्ट हो गई। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल पककर तैयार थी और जल्द ही कटाई होने वाली थी, लेकिन आग लगने से उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के कर्मी उमेश पाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके। भाजपा नेता एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य धनंजय सिंह ने बताया कि किसानों की फसल का सही मुआवजा नहीं मिला तो सीएम तक शिकायत की जाएगी।

# अयाह शाह विधायक के होली मिलन में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

## - बांदा व कानपुर के कलाकारों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शुक्रवार को अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाँदा, कानपुर के अरक्रेस्टा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्:तिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय प्रभारी प्रकाश पाल उपस्थित रहे। समारोह में आए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का फूल–मालाओं, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों और कार्यकर्ताओं के लिए गुझिया, ठंडाई तथा भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह, मुखलाल पाल, आशीष मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, बिंदकी विधायक जयकुमार जैकी, संतोष द्विवेदी, प्रधान अनिल शुक्ला, आचार्य कमलेश योगी, ज्ञानेंद्र सचान उर्फ ज्ञानू, रविंद्र पाल सिंह, पंकज त्रिपाठी, तेज बहादुर सिंह चौहान, हीरालाल लोधी, कुमार विक्रम प्रताप सिंह, धनंजय सिंह, देवराज सिंह,



अर्चना त्रिपाठी, स्वरूप राज सिंह, जूली, काली शंकर श्रीवास्तव, सुरेश परमार, रजोल मिश्रा, नीरज सिंह, अरिमर्दन सिंह, निर्मल सिंह, संजय हाडा, सनी सिंह चौहान, राजा सिंह, अमित अग्निहोत्री, ओमप्रकाश लोधी, उदय मौर्य, गोरेलाल प्रजापति, सुशील श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, तीरथ तिवारी, राम महेश निषाद, थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा ने किया प्रदर्शन

## - राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को भेजा मांगों का ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाति आधारित जनगणना व ओबीसी की जाति




आधारित जनगणना के मुद्दे पर भाजपा द्वारा ओबीसी के साथ की जा रही धोखाधड़ी सहित अन्य मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को मांगों का ज्ञापन भेजा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष/संयोजक मुकेश पटेल की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई कि केन्द्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों का कॉलम नहीं दिया गया है। घोषित करने के बाद भी ओबीसी जाति के कॉलम को न दिया जाना ओबीसी के साथ धोखाधड़ी है। इसलिए इस साल होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी एवं जाति का कॉलम बढ़ाया जाए। पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाना और फिर सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी करके उस पर रोक लगवाना एससी एसटी, ओबीसी के साथ धोखेबाजी है। इसलिए यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर लागू किया जाए। 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किया जाए। यदि मांगे पूरी न की गई तो राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन को और उग्र व व्यापक किया जाएगा। इस मौके पर जयचन्द्र यादव, मुन्ना लोधी, रामचन्द्र मौर्य, रमाकांत मौर्य, कामता प्रसाद पासवान, विजय, रामकृपाल, शिवपूजन, रामकरन लोधी, हरिओम मौर्य, शिवकुमार, फूल सिंह लोधी, रामशंकर पटेल, फूल सिंह मौर्य, मीरा गौतम, रूपांशी गौतम, वंदना पटेल भी मौजूद रहीं।

# अलविदा-अलविदा माहे रमजान अलविदा

## - नमाज में मुल्क की बेतहरी के लिए उठे लाखों हाथ

## - जिले भर की मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहा पुलिस बल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जिले भर की मस्जिदों में नमाज–ए–अलविदा अदा की गई। बाद नमाज नमाजियों ने मुल्क में अमन–चैन तरक्की व आपसी नफरत को मिटाने के साथ–साथ मगफिरत के लिए अल्लाह पाक से हाथ उठाकर दुआएं मांगी। उधर नमाज–ए–अलविदा को लेकर मस्जिदों के बाहर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस के जवान मुस्तैद हो गए थे। नमाज को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मस्जिदों पर लगाई गई ड्यूटियों का सत्यापन किया और जवानों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद ने सभी मस्जिद वाले मार्गों से मस्जिदों तक विशेष सफाई व्यवस्था और चूने का छिड़काव कराया। रमजान के अंतिम जुमा अर्थात नमाज–ए–अलविदा को लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थी। साढ़े बाहर बजे मस्जिदों से अजान की आवाज कानों में पड़ते ही बच्चे बूढ़े और जवान सभी मस्जिदों की ओर चल दिए। अलविदा की नमाज को लेकर सर्वाधिक उत्साह छोटे–छोटे बच्चों में देखा गया। अलविदा की नमाज छोटी ईद के रूप में मनाई जाती हैं इसलिए ज्यादातर लोगों ने नये लिबास पहने। अलग–अलग मस्जिदों में पेश इमामों ने अवलिदा की नमाज अदा कराई। बाद नामाज दुआ में अल्लाह तआला से मुल्क की बेहतरी, आपसी भाईचारा की मजबूती बीमारों को शिफा, लोगों में फैली नफरत को दूर करने मुसलमानों को पंचवक्ता नमाजी बनाने, गुनाहों को माफ करने, दिवंगत लोगों के गुनाहों को माफ कर जन्नत में मुकाम देने, अविवाहित लड़कियों की शादी के फर्ज से अदा करने जैसी तमाम दुआएं मांगी गई। शहर के चौधराना रोड स्थित महाजरी, ताकिया चांद



शाह, बाकरगंज, ज्वालागंज स्थित शाही मस्जिद, पटनऊ, आबूनगर, मसवानी चूढ़ी वाली गली, दलालों की मस्जिद, ऊंची वाली मस्जिद, पीरनपुर, कचेहरी मस्जिद, शादीपुर, दक्षिणी मुराइनटोला अक्सा मस्जिद, हरिहरगंज सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज–ए–अलविदा पर लाखों लोगों ने नमाज अदा की। इसके बाद शाम को शहर सहित विभिन्न स्थानों पर रोजा अतार का दौर चला। अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था तथा लगाई गई ड्यूटियों का जायजा लिया। जिले की खागा एवं बिंदकी तहसील क्षेत्रों सहित शाह, हुसैनगंज, गाजीपुर, असोथर, बहुआ बिंलदा, हसवा, थरियांव, मलवां से भी नमाज–ए–अलविदा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जाने की खबरे मिली है।

# वृद्धाश्रम में समिति के सहयोग से लगा स्वास्थ्य शिविर

## – 73 बुजुर्गो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। अटल वयो अभ्युदय योजना और समाज विभाग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा युवा विकास समिति के तत्वाधान में वृद्धाश्रम में निःशुल्क समग्र कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप मे बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांच, बीपी/शुगर स्क्रीन, और मुत दवाइयाँ दी गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय रोग, गठिया, डायबिटीज और सामान्य बीमारियों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकीय परामर्श देते हुए आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर अफाउल्लाह ने बुजुर्गों को नियमित रूप से हल्का–फुल्का व्यायाम करने, प्रतिदिन टहलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित दिनचर्या और सावधानी से स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है। निःशुल्क दवा एवं परामर्श प्राप्त कर वृद्धजन संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिए। इस दौरान आश्रम संचालिका अशोक यादव, युवा विकास समिति संगठन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, कंचन, श्याम बाबू तिवारी उपस्थित रहे।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के शहजादेपुर गाँव मे मारपीट में गम्भीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद सुधार न होने पर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के शहजादेपुर गाँव निवासी स्व. राम प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र नरेंद्र गांव में हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार से लाभ न होने पर उसको रेफर कर दिया, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के ससुर दारा सिंह ने बताया कि मृतक की तीन वर्ष पूर्व पूनम देवी के साथ शादी हुई थी। जमीन की लालच को लेकर 9 मार्च को नंरेन्द्र के बड़े भाई ज्ञान व उसकी पत्नी सरस्वती बेटी रोशनी और बेटा शुभम ने मिलकर बेहरमी से ईंट व लाठी डंडों से पिटाई कर दिया था। घायल अवस्था में मृतक को इलाज जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर में स्थित गम्भीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया था। शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराया वहाँ से भी कानपुर के लिए रेफर कर दिया तो कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते मे मौत हो गई।

# मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

## – सौ से अधिक लोगों की हुई जांच, बनाए आयुष्मान कार्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता, फतेहपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से एसबीआई फाउंडेशन, चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त सहयोग से ग्राम भुरचुनी में मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। शिविर



में नेत्र रोग विशेषज्ञ, सामान्य रोग विशेषज्ञ तथा आयुष्मान कार्ड पंजीकरण टीम की सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान सौ से अधिक ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर, रक्त परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच तथा नेत्र परीक्षण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। स्वास्थ्य विभाग धाता की टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम के संचालन में चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर मृत्युंजय पाण्डेय एवं मेडिकल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा समय–समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कमता प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, गौरव सिंह एवं पिंटू सिंह चंदेल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का उत्साहपूर्वक लाभ उठाया तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की मांग की।

# सेवा हॉस्पिटल का शुभारंभ, आधुनिक सुविधाओं से लैस

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के लोधीगंज स्थित जीटी रोड शिवनगर में सेवा हॉस्पिटल का उद्घाटन समारोह विधि–विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ



विद्वत हवन–पूजन के साथ किया गया। संचालक डॉ. धर्मेंद्र सिंह एमडी ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को किफायती दरों पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने साझा किया कि अस्पताल में अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक पैनल मौजूद रहेगा, जो मरीजों के बेहतर उपचार के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल में डॉ. आरके गुप्ता एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ. शबीब खान एमबीबीएस, एमएस (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. केवी चौधरी एमडी (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ), डॉ. केपी सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन, डॉ. पी. कटिहार अपनी सेवाएं देंगे। अस्पताल की मुख्य विशेषताओं में जनरल सर्जरी, ऑर्थो सर्जरी और ईएनटी सर्जरी की सुविधा शामिल है। मरीजों के ठहरने के लिए प्राइवेट और सेमी–प्राइवेट रूम की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डॉ. गौरव सिंह चौहान, डॉ. हरिओम राजपूत, डॉ. आशीष मौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जुमे की नमाज से पहले पुलिस का पैदल मार्च

## - एसपी ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त इंतजाम किए। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला गया।

पुलिस ने शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में गश्त की और जनमानस में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी अनूप कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से जुमे की नमाज के दौरान पूर्ण शांति व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखी जा रही है। पुलिस के इस सक्रिय कदम से स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। प्रशासन ने सभी समुदायों से अपील की है कि वे त्योहारों और धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और किसी भी उकसावे में न आएं। पुलिस महकमा ने स्पष्ट किया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।



स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )